Conclusion: The study highlights significant demographic disparities across the Bilaspur Division. Bilaspur district demonstrates advanced demographic transition with low fertility and low mortality, while Mungeli and GPM remain caught in the high fertility–high mortality trap. Korba, Raigarh, and Janjgir-Champa occupy intermediate positions, indicating gradual progress yet persistent gaps. Fertility and mortality outcomes are closely linked with educational attainment, female autonomy, healthcare access, economic status, and cultural norms. The findings underline the need for targeted and district-specific interventions to improve reproductive and child health outcomes across the division.

Policy Suggestions:

1. Strengthen Health Infrastructure in GPM and Mungeli by establishing fully equipped CHCs, maternity

wards, and mobile health units.

2. **Promote female education**, especially in tribal areas, to reduce early marriages and increase contraceptive adoption.
3. **Enhance family planning services** through door-to-door counselling, ASHA worker training, and availability of modern contraceptives.
4. **Improve maternal healthcare** by ensuring regular antenatal check-ups, nutrition programmes, emergency obstetric care, and transport support.
5. **Reduce adolescent fertility** through school-based awareness programmes and reproductive health education.
6. **Expand immunization and nutrition programmes** to reduce child mortality in Mungeli and GPM.
7. **Address socio-cultural barriers** by involving local tribal leaders and community groups in health campaigns.
8. **Develop district-specific demographic policies** recognizing unique cultural, economic, and geographic characteristics.

References :-

1. Government of Chhattisgarh. (2023).
2. District Health Statistical Handbook. Health Department. Ministry of Health and Family Welfare. (2021).
3. National Family Health Survey-5: District Fact Sheets. Registrar General of India. (2022).
4. Sample Registration System Statistical Report. UNICEF. (2020).
5. State of Child Health in India. Researcher's Field Notes and Demographic Analysis (2024).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

An Analysis of India'S Self- Reliance in Technological Growth in National Security with Special Reference to the Operation Sindoor

Dr. Shailendra Kumar Mishra*

***Ph.D Military Science, Nema flats, Behind Canara Bank, Rewa Road, Satna (M.P.) INDIA**

Abstract: Independent India has fought several wars against its enemies and has a vast experience of fighting actual and proxy wars. During the previous wars, preceding the "Operation Sindoor", India was dependent strategically on foreign technology. The success stories of India during the preceding wars were written by Indian strategic skill through the arms and ammunitions developed on foreign technologies. The experience of the "Operation Sindoor", launched against Pakistan terrorist outfits, is quite different from the preceding wars and its strategic operation was also unique in many senses. In this operation, Indian forces have written their success story by using and experimenting indigenously developed technology and have registered their strategic supremacy over the enemy forces through precise attacks with calibrated military response. This paper is a humble attempt to highlight India's growing capability of self- reliance in the matter of technology related to the Nation's security.
Keywords-TRF, Operation Sindoor, Calibrated Minitary Response, UAS, ECCM, DFI, IDDM, PLI, Make In India.

Introduction - The Military Character and the strategic significanceof the "Operation Sindoor" is manifrst in the remark of the Prime Minister of India, shri Narendra damdodar das modi, when he spoke in the house of Parliament" In operation "Sindoor",India has not only outperformed Pakistan on the battlefield, but also demonstrated its edge in 21st-century warfare using indigenously developed defence systems. The operation proved India's strength in deserts and mountains and validated the credibility of home-grown weaponry." "Operation Sindoor" was launchedby the Indian defence forces to annihilate the terrorist bases run in and fostered by Pakistan.

On 22 April, Pakistan based terrorist group "The Resistance Front" (TRF) perpetrated a devastating attack in Pahalgam, (India) and killed 26 innocent tourists were killed in cold bloodmanner segregating them on communal basis. TRF,which is an offshoot of terrorist organisation Lashkar-e-Taiba claimed the responsibility for this attack within a few hours. Pakistan's refusal to acknowledge and curb these terrorist networks compelled India to take a responsible and resolute action. Operation SINDOOR emerged as a calibrated military response to an evolving pattern of asymmetric warfare, India's response was deliberate, precise, and calibrated. Without crossing the Line of Control, Indian forces conducted terrorist infrastructure and eliminated multiple terrorist bases. However, beyond tactical brilliance, what stood out determinant was the seamless integration of indigenous hi-tech systems into national defence. Operation SINDOOR marked as a milestone in India's journey towards technological self-reliance in defence capabilities.

Self- reliance in Air Defence Capabilities: On the night of 07-08 May 2025, Pakistan attempted to engage a number of military targets in Northern and Western India. But all Pakistani attempts were neutralized by the Integrated Counter UAS (Unmanned Aerial Systems) Grid and Air Defence systems. On the morning of May 8, the Indian Armed Forces targeted Air Defence Radars and systems at a number of locations in Pakistan. An Air Defence system at Lahore was also neutralised.[1]

In the "Operation Sindoor", the following indigenous defence were used:

(a) Battle-proven AD (Air Defence) systems like the Pechora, OSA-AK and LLAD guns (Low-level air defence guns).

(b) Indigenous developed system such as 'AKASH', (a Short Range Surface to Air Missile system to protect vulnerable areas and vulnerable points from air attacks. The AKASH Weapon System has capability to engage simultaneously multiple Targets in Group Mode or Autonomous Mode. It bears Electronic Counter-Counter Measures (ECCM) features. The entire weapon system has been configured on mobile platforms).[2]

India's Air Defence Systems, combining assets from the Army, Navy, and primarily the Air Force, performed with exceptional synergy. These systems created an impenetrable wall, foiling multiple attempts by Pakistan to retaliate. The Integrated Air Command and Control System (IACCS) of the Indian Air Force enable a coordinated execution of these systems, providing the net-centric operational capability needed vital for modern warfare.

Role of indigenously developed weapon in Offensive Actions with Pinpoint Accuracy: In the "Operation Sindoor" it is the indigenous developed weapons which enable Indian for offensive strikes targeting key Pakistani airbases- Noor Khan and Rahimyar Khan with offensive actions with pinpoint accuracy and surgical precision. Loitering munitions were used to devastating effect, each finding and destroying high-value targets, including enemy radar and missile systems. Loitering munitions also known as "suicide drones" or "kamikaze drones", are weapons systems that can hover andencircle a target area, searching for a suitable target before attacking. All strikes of 'AKASH' were executed without loss of Indian assets. The use of modern indigenous technology, from long-range drones to guided munitions, made these strikes highly effective and tactically calibrated. Indian Air Force bypassed and jammed Pakistan's (Chinese-supplied) air defence systems, completing the mission in just 23 minutes by demonstrating India's technological edge.

Evidence of Neutralized Targets: Operation SINDOOR could produce a concrete evidence of hostile technologies neutralized by Indian systems by using Indian indigenous weapon system. A list of the evidence of neutralised target of the enemy can be given as following.

(a) Pieces of PL-15 missiles (of Chinese origin)
(b) Turkish-origin UAVs, named "Yiha" or "YEEHAW"
(c) Long-range rockets, quadcopters and commercial drones

These were recovered and identified, indicating that despite Pakistan's attempts to exploit through advanced foreign supplied weaponry, India's indigenous air defence and electronic warfare networks remained superior.

Capability of calibrated precise strike through indigenous defence technology: Air Defence systems, Electronic Warfare assets and Air Defence Weapons from both Army and Air Force for precise strikes on terrorists were executed without crossing the Line of Control or International Boundary. It was anticipated that Pakistan's response would come from across the border. Keeping in view the apprehended retaliation on the part of enemy State our defence system used

- A unique blend of Counter Unmanned Aerial and,
- Multiple defensive layers from the International Boundary inwardly to foil enemies

Counter attack. Our defense forces completed the mission by using

a) Counter Unmanned Aerial Systems
b) Shoulder-Fired Weapons
c) Legacy Air Defence Weapons
d) Modern Air Defence Weapon Systems

This multi-tier defence neutralized Pakistan Air Force attacks on our airfields and logistic installations during the night of May 9-10. These systems, built over the last decade with continuous government investment and indigenous technology, proved to be the multiply force mechanism during the operation. They played a crucial role in ensuring that both civilian and military infrastructure inside India remained largely undamaged during enemy retaliatory attempts.

Growth of indigenous defence mechanism and the role of ISRO's and DFI: On May 11, ISRO Chairman V Narayanan mentioned in an event that at least 10 satellites are continuously working round-the-clock for the strategic purpose to ensure the safety and security of the nation.The monitoring of 7,000 km seashore areas and that of theentire northern part is impossible without satellite and drone technology .[3] The Drone Federation India (DFI), is a premier industrial body represented by 550 drone companies and 5500 drone pilots[4] which is vision is to make India a global drone hub by 2030. DFI also hosts several programs like Bharat Drone Mahotsav[5]. Under the supervision of DFI, several companies are active in developing indigenous drone.

Alpha Design Technologies (Bengaluru) which works in partnership with Israel's Elbit Systems builds**SkyStriker**. **Tata Advanced Systems** offers a full range of integrated solutions across Defence & Security and has served as a trusted partner to India's armed forces for over six decades.[6]**ParasDefence& Space Technologies**, which operates within the Defence and Space segments is distinguished by its Indigenously Designed Developed and Manufactured (IDDM) capabilities.[7]**IG Drones** is a also a Drone Technology Company for manufacturing and R & D of Drones specialized in defence and other industry applications along with providing drone related services like drone surveying, mapping & inspection by industry experts. The company has partnered with Indian Army, Besides Government of India, multiple State Governments, and others[8]. The Indian drone market is projected to reach $11 billion by 2030, accounting for 12.2% of the global drone market.[9]

Role of Drones as the central instrument of Modern Warfare: We have witnessed the writing the success story of India indigenously developed drones played determinant role in "Operation Sindoor."The integration of drone warfare into India's military doctrine owes its success to years of domestic R&D and policy reform. Since 2021, the ban on imported drones and the launch of the PLI (Production Linked Incentive) scheme led to catalyze rapid innovation. The scheme of Production Linked Incentive for drones and drone components of Ministry of Civil Aviation was notified on 30th September, 2021 with a total incentive of Rs 120

crores spread over three Financial Years 2021-22 to 2023-24.[10] The future lies in the development of autonomous drones with AI-driven decision-making, and India is already laying the groundwork. Defence exports crossed the record figure of about Rs 24,000 crore in Financial Year 2024-25. The aim is to increase the figure to Rs 50,000 crore by 2029, and make India a developed nation and the world's largest defence exporter by 2047.[11]

Make in India as a move towards self -reliance in defence sector: If India has emerged as a major defence manufacturing hub, its major credit goes to the "Make in India" initiative and a strong push for self-reliance. In FY 2023–24, indigenous defence production reached a record Rs 1.27 lakh crore, while exports soared to Rs 23,622 crore in FY 2024–25, a 34-fold increase from 2013–14. Strategic reforms, private sector involvement, and robust R&D have led to the development of advanced military platforms like the Dhanush Artillery Gun System, Advanced Towed Artillery Gun System (ATAGS), Main Battle Tank (MBT) Arjun, Light Specialist Vehicles, High Mobility Vehicles, Light Combat Aircraft (LCA) Tejas, Advanced Light Helicopter (ALH), Light Utility Helicopter (LUH), Akash Missile System, Weapon Locating Radar, 3D Tactical Control Radar, and Software Defined Radio (SDR), as well as naval assets like destroyers, indigenous aircraft carriers, submarines, frigates, corvettes, fast patrol vessels, fast attack craft, and offshore patrol vessels. The government has backed this growth with record procurement contracts, innovations under iDEX, drives like SRIJAN, and two Defence Industrial Corridors in Uttar Pradesh and Tamil Nadu. Key acquisitions such as LCH (Light Combat Helicopters) Prachand helicopters and the ATAGS (Approval for Advanced Towed Artillery Gun System) highlight the shift towards indigenous capability. With targets of Rs 3 lakh crore in production and Rs 50,000 crore in exports by 2029, India has firmly positioned itself as a self-reliant and globally competitive defence manufacturing power.

Conclusion: Operation SINDOOR is not just a success story of tactical domination rather it is a validation of India's defence indigenization in technology and strategic programming. From air defence systems to drones, from counter-UAS capabilities to net-centric warfare platforms, indigenous technology has delivered its best when it was intended at the most. The fusion of private-sector innovation with, public-sector execution, under the watch of military vision has enabled India not only to defend its people and territory but also assert its role as a hi-tech potential military power in the 21st century. As the world moves to the future conflicts, the battlefield will increasingly be shaped by technology. India, which has demonstrated its technological capability in the Operation SINDOOR, is signaling its readiness to cope with future challenge.

References: -

1. On the night of 07-08 May 2025, Pakistan attempted to engage a number of military targets in Northern and Western India including Awantipura, Srinagar, Jammu, Pathankot, Amritsar, Kapurthala, Jalandhar, Ludhiana, Adampur, Bhatinda, Chandigarh, Nal, Phalodi, Uttarlai, and Bhuj, using drones and missiles.https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2127670
2. https://www.drdo.gov.in/drdo/akash
3. https://www.thehindu.com/news/national/10-satellites-working-to-ensure-safety-and-security-isro-chief-v-narayanan/article69566159.ece
4. https://www.pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=2112555
5. https://nidar.org.in/about/
6. https://www.tataadvancedsystems.com/about
7. https://parasdefence.com/
8. https://igdrones.com/
9. https://www.igdtuw.ac.in/IGDTUW/uploads/798386185.pdf
10. https://sansad.in/getFile/loksabhaquestions/annex/184/AU5448_8thzxt.pdf?source=pqals
11. https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2127735

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

संस्कृत भाषा का वैश्विक योगदान तकनीकी युग के परिप्रेक्ष्य में

डॉ. यज्ञ आमेटा*

* सहायक आचार्य (संस्कृत) जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – संस्कृत भाषा भारतीय सभ्यता की बौद्धिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक चेतना की मूलाधार रही है। इसे सामान्यत: धार्मिक अथवा दार्शनिक भाषा के रूप में सीमित कर देखा गया, जबकि वास्तविकता यह है कि संस्कृत में विज्ञान, गणित, तर्कशास्त्र, व्याकरण, आयुर्वेद, खगोल, स्थापत्य और सूचना-संरचना के अत्यंत परिष्कृत सूत्र उपलब्ध हैं।

इक्कीसवीं शताब्दी का वर्तमान युग तकनीकी, डिजिटल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का युग है, जहाँ भाषाओं का मूल्यांकन उनके ष्संरचनात्मक स्पष्टता, नियमबद्धता, अर्थ-शुद्धता और गणनात्मक उपयुक्तता' के आधार पर किया जा रहा है। इस दृष्टि से संस्कृत भाषा की व्याकरणिक संरचना, पाणिनीय सूत्रात्मक प्रणाली, तथा अर्थ-निश्चितता उसे आधुनिक कम्प्यूटेशनल भाषाविज्ञान और AI के लिए अत्यंत उपयोगी बनाती है।

प्रस्तुत शोध-पत्र में संस्कृत भाषा के वैश्विक योगदान को तकनीकी युग के परिप्रेक्ष्य में विश्लेषित करते हुए यह प्रतिपादित किया गया है कि संस्कृत न केवल अतीत की गौरवशाली भाषा है, बल्कि भविष्य की नैतिक, मानवीय और बौद्धिक तकनीक की आधारशिला भी बन सकती है।

प्रस्तावना – भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं होती, बल्कि वह किसी भी सभ्यता की ज्ञान-संरचना (Knowledge Structure), सोच-पद्धति और मूल्य-व्यवस्था का दर्पण होती है। संस्कृत भाषा इस दृष्टि से विश्व की अद्वितीय भाषा मानी जाती है। यह भाषा न केवल प्राचीनतम है, बल्कि अपनी वैज्ञानिकता, तार्किकता और संरचनात्मक पूर्णता के कारण आज भी प्रासंगिक है।

पाणिनि कृत अष्टाध्यायी को यदि विश्व का प्रथम Formal Grammar कहा जाए, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। लगभग 2500 वर्ष पूर्व रचित यह ग्रंथ आज के आधुनिक "Algorithmic Language Design" के अत्यंत निकट दिखाई देता है। पाणिनि के सूत्र 'अल्पाक्षरम् असन्दिग्धम्' के सिद्धांत पर आधारित हैं, जो आज के कम्प्यूटर कोड की मूल आत्मा है।

आज जब विश्व Artificial Intelligence, Machine Learning और Big Data के युग में प्रवेश कर चुका है, तब भाषाओं की आवश्यकता केवल संवाद के लिए नहीं, बल्कि 'ज्ञान-प्रसंस्करण (Knowledge Processing)' के लिए है। इस संदर्भ में संस्कृत की भूमिका पुन: वैश्विक मंच पर उभर रही है।

संस्कृत भाषा की वैज्ञानिकता और संरचनात्मक उत्कृष्टता

संस्कृत की वैज्ञानिकता मुख्यत: तीन आधारों पर प्रतिष्ठित है।

(क) व्याकरणिक सुसंगति – संस्कृत में प्रत्येक शब्द का निर्माण निश्चित नियमों के अंतर्गत होता है। धातु, प्रत्यय, उपसर्ग और संधि के नियम इतने स्पष्ट हैं कि किसी भी शब्द का निर्माण Predictable और Reproducible होता है। यह गुण आधुनिक प्रोग्रामिंग भाषाओं के समान है।

(ख) तार्किक स्पष्टता – संस्कृत में वाक्य-संरचना (Syntax) पूर्णत: नियमबद्ध है। कर्ता-कर्म-क्रिया का संबंध स्पष्ट होने से अर्थ में भ्रम की संभावना न्यूनतम रहती है।

(ग) अर्थ-निश्चितता (Semantic Precision) – संस्कृत शब्दों में बहुविध अर्थों की संभावना होते हुए भी, संदर्भानुसार अर्थ स्पष्ट हो जाता है। यही कारण है कि इसे "Unambiguous Language" माना जाता है, जो कम्प्यूटर प्रोसेसिंग के लिए अनिवार्य गुण है।

पाणिनीय व्याकरण और आधुनिक कम्प्यूटर एल्गोरिद्म

पाणिनि के सूत्रात्मक नियम आज के कम्प्यूटर एल्गोरिद्म से आश्चर्यजनक समानता रखते हैं।

पाणिनीय प्रणाली	आधुनिक प्रणाली
सूत्र	Algorithm
धातु	Root Function
प्रत्यय	Modifiers
संधि	String Operations
समास	Data Compression

पाणिनीय प्रणाली में तRule-Based Generation की वही पद्धति है, जिसे आज Rule-Based AI Systems में अपनाया जाता है।

संस्कृत और कृत्रिम बुद्धिमत्ता

Artificial Intelligence का मूल उद्देश्य मशीन को मानव-सदृश सोच, तर्क और निर्णय-क्षमता प्रदान करना है। संस्कृत भाषा की संरचना इस लक्ष्य के अत्यंत अनुकूल है।

Rick Briggs (1985) (1985) ने अपने प्रसिद्ध शोध में यह प्रतिपादित किया कि संस्कृत की व्याकरणिक और अर्थात्मक संरचना Knowledge Representation के लिए आदर्श है।

संस्कृत में Subject-Object-Verb क्रम य स्पष्ट कारक प्रणाली य नियमबद्ध शब्द-निर्माण
AI और NLP के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

संस्कृत और Natural Language Processing (NLP)- NLP में सबसे बड़ी चुनौती 'Ambiguity Removal' होती है। संस्कृत में कारक-विभक्ति के कारण यह समस्या न्यूनतम है। उदाहरणत:- 'राम: फलम् खादति' यहाँ कर्ता और कर्म स्पष्ट हैं, जबकि कई आधुनिक भाषाओं में यह स्पष्टता नहीं मिलती। इसी कारण संस्कृत आधारित NLP मॉडल अधिक सटीक परिणाम देने की क्षमता रखते हैं।

संस्कृत और कम्प्यूटर विज्ञान का संगम

संस्कृत और कम्प्यूटर विज्ञान के मध्य गहन समानता देखी जा सकती हैकृ

- धातु प्रणाली → Database Root Structure
- समास →Information Compression
- सूत्र →Programming Logic
- व्याकरण →Syntax Rules
- अर्थ → Semantic Web

आज Semantic Web और Ontology Design में संस्कृत की सहायता ली जा रही है।

संस्कृत और तकनीकी नैतिकता - आज तकनीकी प्रगति के साथ-साथ नैतिक संकट भी बढ़ रहा हैै Data Misuse, AI Bias, Privacy Violation आदि।

संस्कृत साहित्य में वर्णित मूल्य- धर्म, सत्य, अहिंसा, संयम, लोकहितकृ आज Ethical AI के लिए दिशासूचक सिद्धांत बन सकते हैं।

उपनिषद का वाक्य- 'सत्यं वद, धर्म चर' तकनीकी युग में भी उतना ही प्रासंगिक है।

संस्कृत का वैश्विक पुनर्जागरण

आज विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों में-

* Computational Sanskrit
* Digital Manuscripts
* AI-based Grammar Parsing पर शोध हो रहा है।

NASA, MIT, Oxford, IITs और कई यूरोपीय विश्वविद्यालय संस्कृत आधारित तकनीकी शोध में संलग्न हैं। यह संस्कृत के वैश्विक पुनर्जागरण का स्पष्ट संकेत है।

संस्कृत और समाजोपयोगिता - संस्कृत केवल तकनीकी भाषा नहीं, बल्कि समाज को संतुलन देने वाली भाषा है।

यह-

- शिक्षा में मूल्यबोध
- चिकित्सा में समग्र दृष्टि
- पर्यावरण में संतुलन
- मनोविज्ञान में आत्मबोध

प्रदान करती है। संस्कृत तकनीक को मानवीय दिशादेती है। अत: यह कहा जा सकता है किकृसंस्कृत परंपरा की नहीं, प्रौद्योगिकी की भावी भाषा है।

संस्कृत, गणनात्मक भाषाविज्ञान और भविष्य की भाषाएँ - आधुनिक तकनीकी युग में भाषाविज्ञान का केंद्र अब केवल व्याकरणिक अध्ययन न रहकर गणनात्मक भाषाविज्ञान (Computational Linguistics) बन चुका है। इसमें भाषा को डेटा, एल्गोरिद्म और मॉडल के रूप में देखा जाता है। इस क्षेत्र में संस्कृत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो रही है। संस्कृत भाषा की संरचना सी Rule-based Generation पर आधारित है, जबकि अधिकांश आधुनिक भाषाएँ Usage-based हैं। यही कारण है कि संस्कृत को कम्प्यूटर द्धारा parse, generate और analyze करना तुलनात्मक रूप से अधिक सरल है।

संस्कृत में-

- प्रत्येक शब्द की 'उत्पत्ति ज्ञात' होती है
- शब्द-रूपों की संख्या 'सीमित और पूर्वानुमेय' होती है
- व्याकरणिक अपवाद न्यूनतम हैं।

ये सभी गुण Computational Linguistics की मूल आवश्यकताएँ हैं। यही कारण है कि भविष्य की Formal Languages, Meta-Languages और Knowledge Representation Languages के विकास में संस्कृत को एक मॉडल भाषा के रूप में देखा जा रहा है।

संस्कृत और ज्ञान-संरचना निर्माण - Ontology Development आधुनिक सूचना विज्ञान और IArtificial Intelligence का अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। Ontology का अर्थ है। ज्ञान को इस प्रकार संरचित करना कि मशीन उसे 'समझ' सके।

संस्कृत दर्शन और व्याकरण में Ontological Thinking अत्यंत विकसित अवस्था में मिलती है।

उदाहरणार्थकृ य 'द्रव्य - गुण - कर्म' (वैशेषिक दर्शन) य 'सत्ता - असत्ता - भाव'

'नाम - रूप - कार्य' ये सभी अवधारणाएँ आधुनिक Ontology Frameworks(जैसे OWL, RDF) से गहन साम्य रखती हैं। संस्कृत की श्रेणीबद्ध (Hierarchical) और तर्कसंगत अवधारणा प्रणाली Knowledge Graphs के निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकती है। यही कारण है कि Semantic Web Research में संस्कृत ग्रंथों का उपयोग बढ़ रहा है।

संस्कृत और मशीन ट्रांसलेशन - Machine Translation आज वैश्विक डिजिटल संप्रेषण की आवश्यकता बन चुकी है। किंतु अधिकांश भाषाओं में संदर्भ-आधारित अस्पष्टता (Contextual Ambiguity) इस क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती है।

संस्कृत में 'विभक्ति य लिंग' वचन य काल के स्पष्ट संकेत होने के कारण मशीन ट्रांसलेशन अपेक्षाकृत अधिक सटीक हो सकता है। यदि संस्कृत को "Pivot Language"(मध्यस्थ भाषा) के रूप में प्रयोग किया जाए, तो विभिन्न भाषाओं के मध्य अनुवाद की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। इस दिशा में भारत और विदेशों में प्रारंभिक प्रयोग हो चुके हैं।

संस्कृत और ज्ञान-प्रबंधन - आज का युग "Information Overload" का युग है। समस्या ज्ञान की कमी नहीं, बल्कि ज्ञान के 'उचित वर्गीकरण, संग्रहण और उपयोग' की है। संस्कृत साहित्य में ज्ञान को-

'श्रुति य स्मृति य दर्शन य शास्त्र' आगम जैसे स्पष्ट वर्गों में विभाजित किया गया है। यह Knowledge Classification आधुनिक Knowledge Management Systems (KMS) के लिए अत्यंत उपयोगी मॉडल प्रस्तुत करता है। संस्कृत की 'सूत्रात्मक शैली' (Aphoristic Style) ज्ञान को संक्षिप्त, सटीक और संरक्षित रखने की कला सिखाती हैकृजो आज के डिजिटल आर्काइव्स और डेटाबेस डिजाइन में अत्यंत आवश्यक है।

संस्कृत और साइबर संस्कृति - डिजिटल युग ने एक नई संस्कृति को जन्म दिया है- Cyber Cultured। इस संस्कृति में तीव्रता, सतहीपन और उपभोग की प्रवृत्ति बढ़ी है। परिणामस्वरूप मानसिक तनाव, सूचना-भ्रम

और मूल्य–संकट उत्पन्न हो रहे हैं।

संस्कृत साहित्य इस संदर्भ में संतुलन प्रदान करता है।

योग, ध्यान, आत्मसंयम और विवेककृये सभी अवधारणाएँ आज " Digital Well-being" की आवश्यकता बन चुकी हैं।

संस्कृत यह सिखाती है कि– 'युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु' यह सिद्धांत तकनीकी युग में मानव और मशीन दोनों के लिए संतुलन का मार्गदर्शन करता है।

संस्कृत, डिजिटल मानविकी और संस्कृति संरक्षण

Digital Humanities आज एक उभरता हुआ वैश्विक क्षेत्र है, जिसमें साहित्य, इतिहास और संस्कृति को डिजिटल माध्यम से संरक्षित और विश्लेषित किया जाता है। संस्कृत के करोड़ों हस्तलिखित ग्रंथ आज भी अप्रकाशित हैं।

Digital Sanskrit Projects माध्यम से– * Manuscript Digitization * Text Encoding * Metadata Tagging * AI-based Text Restoration, जैसे कार्य हो रहे हैं। यह न केवल भारतीय संस्कृति का संरक्षण है, बल्कि विश्व बौद्धिक धरोहर (World Intellectual Heritage) में अमूल्य योगदान भी है।

संस्कृत और वैश्विक शिक्षा प्रणाली – आज वैश्विक शिक्षा प्रणाली केवल Skill-based न होकर Value-based Education की ओर बढ़ रही है। UNESCO और WHO जैसी संस्थाएँ Holistic Education पर बल दे रही हैं।

संस्कृत शिक्षा– *बौद्धिक क्षमता * तार्किक सोच * नैतिक दृष्टि * आत्मानुशासन

का समन्वय प्रस्तुत करती है। इसी कारण विश्व के अनेक देशों में संस्कृत को–

* Cognitive Development * Logical Reasoning

* Ethical Studies के संदर्भ में पढ़ाया जा रहा है।

संस्कृत और भविष्य की कृत्रिम चेतना – आधुनिक AI अब केवल डेटा प्रोसेसिंग तक सीमित नहीं, बल्कि **Artificial Consciousness** की ओर अग्रसर है। यह प्रश्न उठता हैकृक्या मशीन चेतना विकसित कर सकती है?

संस्कृत दर्शन में चेतना (चौतन्य) का अत्यंत गहन विश्लेषण मिलता है–

* आत्मा * बुद्धि * मन * चित्त * अहंकार

इन स्तरों का अध्ययन भविष्य की AI Research को दार्शनिक आधार प्रदान कर सकता है।

संस्कृत यहाँ तकनीक को 'मानव–केंद्रित (Human-centric)' बनाए रखने में सहायक हो सकती है।

संस्कृत और भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता – 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना केवल आर्थिक नहीं, बल्कि 'बौद्धिक और तकनीकी आत्मनिर्भरता' की भी है।

संस्कृत आधारित – Indigenous Knowledge Systems भारतीय Logic Systems नैतिक तकनीकी मॉडल भारत को वैश्विक तकनीकी विमर्श में विशिष्ट पहचान दिला सकते हैं। यह भाषा भारत की "Soft Power" का भी सशक्त माध्यम बन सकती है।

समग्र निष्कर्ष – इस विस्तृत अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि संस्कृत भाषा केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकता है। इसकी व्याकरणिक परिशुद्धता, तार्किक अनुशासन, अर्थात्मक स्पष्टता और मूल्यपरक दृष्टि आधुनिक तकनीकी युग की जटिल समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर सकती है। संस्कृत– 'मशीन को बुद्धि देती है।' मानव को विवेक देती है। य तकनीक को नैतिक दिशा देती है ।

अत: यह कहा जा सकता है कि संस्कृत 'मानवता और प्रौद्योगिकी के मध्य सेतु' है। भविष्य की तकनीक यदि मानवीय, संतुलित और नैतिक बननी है, तो उसे संस्कृत जैसी भाषा और दर्शन से अवश्य संवाद करना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पाणिनि – अष्टाध्यायी, चौखम्बा संस्कृत सीरीज।
2. पतंजलि – महाभाष्य, वाराणसी।
3. Briggs, Rick (1985): Knowledge Representation in Sanskrit and Artificial Intelligence*, NASA Journal.
4. Deshpande, M. (2020): Sanskrit and the Digital Humanities*, Oxford University Press.
5. Vempaty, R. (2017): Sanskrit and Computational Linguistics*, Journal of Indic Studies.
6. शर्मा, राधाकृष्णन (2018): संस्कृत और आधुनिक विज्ञान, वाराणसी।
7. आचार्य मोहनलाल (2021): संस्कृत और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, दिल्ली विश्वविद्यालय।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उच्च शिक्षा में अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों की सूचना साक्षरता : अलीराजपुर जिले के महाविद्यालयों का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

थानसिंह गेहलोत* डॉ. संजीव कुमार शर्मा **

* शोधार्थी, माघव यूनिवर्सिटी, पिंडवाड़ा, जिला - सिरोही (राज.) भारत
** सहायक आचार्य, माघव यूनिवर्सिटी, पिंडवाड़ा, जिला - सिरोही (राज.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान युग को सूचना और ज्ञान का युग कहा जाता है, जहाँ शिक्षा, शोध और रोजगार के अवसरों तक पहुँच सूचना साक्षरता पर अत्यधिक निर्भर हो गई है। सूचना साक्षरता वह क्षमता है जिसके माध्यम से व्यक्ति सूचना की आवश्यकता को पहचानता है, उपयुक्त स्रोतों से सूचना प्राप्त करता है, उसका आलोचनात्मक मूल्यांकन करता है तथा नैतिक एवं प्रभावी ढंग से उसका उपयोग करता है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह क्षमता विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, शोध कौशल और आजीवन अधिगम के लिए अनिवार्य मानी जाती है।

अनुसूचित जनजाति समुदाय ऐतिहासिक रूप से सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से वंचित रहा है। डिजिटल युग में यह वंचना 'डिजिटल विभाजन' के रूप में और अधिक स्पष्ट हो गई है। प्रस्तुत अध्ययन मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले के शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों की सूचना साक्षरता के स्तर, उपयोग-प्रवृत्तियों तथा उससे जुड़ी चुनौतियों का विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

अध्ययन में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध-पद्धति अपनाई गई तथा 470 विद्यार्थियों से संरचित प्रश्नावली के माध्यम से डेटा संकलित किया गया। निष्कर्ष दर्शाते हैं कि यद्यपि विद्यार्थियों में सूचना साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और इंटरनेट सूचना का प्रमुख स्रोत बन चुका है, फिर भी प्रशिक्षण की कमी, सीमित तकनीकी अवसंरचना और संसाधनों की अनुपलब्धता सूचना साक्षरता के प्रभावी विकास में बाधक बनी हुई है। अध्ययन में सूचना साक्षरता को सुदृढ़ करने हेतु व्यावहारिक एवं नीतिगत सुझाव भी प्रस्तुत किए गए हैं।

शब्द कुंजी –सूचना साक्षरता, उच्च शिक्षा, अनुसूचित जनजाति, डिजिटल विभाजन, अलीराजपुर जिला।

प्रस्तावना – सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास ने शिक्षा प्रणाली के स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन किया है। आज ज्ञान केवल पुस्तकों या कक्षा शिक्षण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि डिजिटल माध्यमों, ऑनलाइन संसाधनों, ई-पुस्तकों, ई-जर्नलों और डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से व्यापक रूप से उपलब्ध है। इस परिवर्तित शैक्षणिक परिदृश्य में सूचना साक्षरता का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है।

सूचना साक्षरता का आशय केवल पढ़ने-लिखने या कंप्यूटर चलाने की क्षमता से नहीं है, बल्कि यह एक बहुआयामी कौशल है, जिसमें सूचना की पहचान, खोज, मूल्यांकन, उपयोग और प्रस्तुतीकरण की क्षमता सम्मिलित होती है। उच्च शिक्षा में यह क्षमता विद्यार्थियों को स्वतंत्र अध्ययन, आलोचनात्मक चिंतन और शोध कार्य के लिए सक्षम बनाती है।

भारतीय संदर्भ में उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और समान अवसर सुनिश्चित करना भी है। अनुसूचित जनजाति समुदाय भारत की जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण भाग है, जो भौगोलिक रूप से प्राय: दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करता है। इन क्षेत्रों में शैक्षणिक एवं तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता सीमित रहती है, जिससे जनजातीय विद्यार्थियों की सूचना साक्षरता प्रभावित होती है।

मध्यप्रदेश का अलीराजपुर जिला पूर्णत: अनुसूचित जनजाति बहुल जिला है। यहाँ के अधिकांश विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं और उच्च शिक्षा उनके लिए सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन का एक प्रमुख माध्यम है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि अलीराजपुर जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों की सूचना साक्षरता की वास्तविक स्थिति का विश्लेषण किया जाए। प्रस्तुत अध्ययन इसी आवश्यकता की पूर्ति करता है।

उच्च शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य में सूचना साक्षरता एक ऐसी अनिवार्य क्षमता के रूप में उभर कर सामने आई है, जिसके बिना न तो शैक्षणिक प्रगति की कल्पना की जा सकती है और न ही सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास ने ज्ञान के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। आज सूचना केवल पुस्तकों या कक्षा शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि इंटरनेट, डिजिटल लाइब्रेरी, ई-जर्नल, ऑनलाइन डेटाबेस और विभिन्न डिजिटल मंचों के माध्यम से व्यापक रूप से उपलब्ध है। ऐसे वातावरण में सूचना की प्रचुरता के साथ-साथ यह चुनौती भी उत्पन्न हुई है कि कौन-सी सूचना उपयोगी, प्रामाणिक और शैक्षणिक दृष्टि से सार्थक है। इसी संदर्भ में सूचना साक्षरता का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। सूचना साक्षरता वह क्षमता है जिसके माध्यम से विद्यार्थी सूचना की आवश्यकता को पहचानते हैं, उपयुक्त स्रोतों से सूचना प्राप्त करते हैं, उसका आलोचनात्मक मूल्यांकन करते हैं तथा नैतिक और प्रभावी ढंग से उसका उपयोग करते हैं।

उच्च शिक्षा में सूचना साक्षरता केवल एक सहायक कौशल नहीं, बल्कि

शैक्षणिक गुणवत्ता का आधार बन चुकी है। महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे स्वतंत्र रूप से अध्ययन कर सकें, शोध सामग्री की पहचान कर सकें और नवीन ज्ञान के सृजन में सहभागी बन सकें। सूचना साक्षरता विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान क्षमता और आजीवन सीखने की प्रवृत्ति विकसित करती है। यह क्षमता विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वर्ग ऐतिहासिक रूप से सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक वंचनाओं का सामना करता रहा है।

भारतीय सामाजिक संरचना में अनुसूचित जनजातियाँ एक महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं, किंतु भौगोलिक दूरस्थता, सीमित संसाधन और पारंपरिक जीवन-शैली के कारण इन समुदायों की शिक्षा तक पहुँच अपेक्षाकृत सीमित रही है। स्वतंत्रता के बाद सरकार द्वारा जनजातीय शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक योजनाएँ लागू की गईं, फिर भी उच्च शिक्षा में इनकी भागीदारी कई चुनौतियों से घिरी हुई है। डिजिटल युग में यह चुनौती 'डिजिटल विभाजन' के रूप में और अधिक स्पष्ट हो गई है। डिजिटल विभाजन का अर्थ केवल तकनीकी उपकरणों की कमी नहीं है, बल्कि डिजिटल कौशल, प्रशिक्षण और सूचना साक्षरता की असमानता भी है।

मध्यप्रदेश का अलीराजपुर जिला पूर्णत: अनुसूचित जनजाति बहुल जिला है। यह क्षेत्र सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से अपेक्षाकृत पिछड़ा माना जाता है और यहाँ के अधिकांश विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं। उच्च शिक्षा इन विद्यार्थियों के लिए केवल शैक्षणिक उन्नति का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक गतिशीलता और आत्मनिर्भरता का मार्ग भी है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि अलीराजपुर जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों की सूचना साक्षरता की स्थिति का गहन विश्लेषण किया जाए।

सूचना साक्षरता की अवधारणा एवं उच्च शिक्षा में महत्व – सूचना साक्षरता की अवधारणा का विकास 20वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में हुआ। अमेरिकन लाइब्रेरी एसोसिएशन के अनुसार, सूचना साक्षर व्यक्ति वह है जो यह जानता है कि उसे कब सूचना की आवश्यकता है और वह आवश्यक सूचना को प्रभावी ढंग से खोज, मूल्यांकन एवं उपयोग कर सकता है।
उच्च शिक्षा में सूचना साक्षरता के प्रमुख आयाम निम्नलिखित हैं:

1. सूचना की आवश्यकता की पहचान
2. उपयुक्त सूचना स्रोतों का चयन
3. सूचना खोज रणनीतियों का प्रयोग
4. सूचना का आलोचनात्मक मूल्यांकन
5. सूचना का नैतिक एवं कानूनी उपयोग

सूचना साक्षरता विद्यार्थियों को आजीवन सीखने के लिए तैयार करती है। यह उन्हें न केवल पाठ्यक्रम आधारित अध्ययन में, बल्कि शोध, नवाचार और रोजगारोन्मुख गतिविधियों में भी सक्षम बनाती है।

अनुसूचित जनजाति, उच्च शिक्षा एवं डिजिटल विभाजन – अनुसूचित जनजाति समुदाय भारतीय समाज का वह वर्ग है, जो ऐतिहासिक रूप से मुख्यधारा से अपेक्षाकृत अलग रहा है। शिक्षा को इस समुदाय के सामाजिक सशक्तिकरण का प्रमुख साधन माना गया है। स्वतंत्रता के बाद सरकार द्वारा जनजातीय शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु विभिन्न योजनाएँ एवं नीतियाँ लागू की गईं।

डिजिटल युग में एक नई चुनौती के रूप में 'डिजिटल विभाजन' उभर कर सामने आया है। डिजिटल विभाजन का अर्थ है तकनीकी संसाधनों, इंटरनेट सुविधा और डिजिटल कौशल में असमानता। जनजातीय क्षेत्रों में यह समस्या और अधिक गहन रूप में देखी जाती है।

अलीराजपुर जिले के महाविद्यालय इस स्थिति का प्रतिनिधि उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, जहाँ डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता सीमित है और सूचना साक्षरता प्रशिक्षण की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों की सूचना साक्षरता के स्तर का विश्लेषण करना।
2. सूचना प्राप्ति के प्रमुख स्रोतों और उपयोग-प्रवृत्तियों का अध्ययन करना।
3. सूचना साक्षरता के उपयोग में आने वाली समस्याओं की पहचान करना।
4. सूचना साक्षरता के विकास हेतु व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करना।

शोध पद्धति – प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध-पद्धति अपनाई गई। अध्ययन क्षेत्र के रूप में अलीराजपुर जिले के चार शासकीय महाविद्यालयों का चयन किया गया।

नमूना के रूप में 470 अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों का चयन किया गया। डेटा संकलन हेतु संरचित प्रश्नावली का प्रयोग किया गया, जिसमें सूचना साक्षरता, कंप्यूटर ज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी और इंटरनेट उपयोग से संबंधित प्रश्न सम्मिलित थे।

डेटा का विश्लेषण प्रतिशत विधि, तालिकात्मक प्रस्तुति और वर्णनात्मक व्याख्या द्वारा किया गया।

डेटा विश्लेषण एवं चर्चा – अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष दर्शाते हैं कि अधिकांश विद्यार्थी सूचना साक्षरता के महत्व को स्वीकार करते हैं। इंटरनेट सूचना का प्रमुख स्रोत बन चुका है, जबकि पुस्तकालय संसाधनों का उपयोग अपेक्षाकृत कम पाया गया।

सूचना साक्षरता प्रशिक्षण की अनियमितता एक प्रमुख समस्या के रूप में उभर कर सामने आई। कंप्यूटर एवं इंटरनेट अवसंरचना की सीमित उपलब्धता के कारण अनेक विद्यार्थी डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

यह स्थिति इस तथ्य की ओर संकेत करती है कि सूचना साक्षरता केवल तकनीकी उपलब्धता पर निर्भर नहीं करती, बल्कि प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और संस्थागत समर्थन पर भी निर्भर करती है।

निष्कर्ष – अध्ययन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि अलीराजपुर जिले के अनुसूचित जनजाति महाविद्यालयीन विद्यार्थियों में सूचना साक्षरता का स्तर मध्यम है। यद्यपि डिजिटल युग के प्रभाव से सूचना संसाधनों का उपयोग बढ़ा है, फिर भी प्रशिक्षण एवं संसाधनों की कमी सूचना साक्षरता के प्रभावी विकास में बाधक बनी हुई है।

यदि महाविद्यालयों में सूचना साक्षरता को एक संगठित और निरंतर कार्यक्रम के रूप में लागू किया जाए, तो यह जनजातीय विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

सुझाव :

1. महाविद्यालयों में नियमित सूचना साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।
2. पुस्तकालयों को डिजिटल संसाधनों से सुसज्जित किया जाए।

3. कंप्यूटर एवं इंटरनेट अवसंरचना को सुदृढ़ किया जाए।
4. सूचना साक्षरता को उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग बनाया जाए।
5. जनजातीय विद्यार्थियों के लिए विशेष डिजिटल प्रशिक्षण योजनाएँ लागू की जाएँ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्रवाल, आर. (2018). सूचना साक्षरता और उच्च शिक्षा, नई दिल्ली: एसोसिएटेड पब्लिशर्स।
2. कुमार, संजीव. (2019). महाविद्यालयीन विद्यार्थियों में सूचना साक्षरता का अध्ययन, भारतीय पुस्तकालय विज्ञान पत्रिका, 33(2), 45-52।
3. शर्मा, आर. के. (2017). ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान: सिद्धांत और व्यवहार, जयपुर: राज पब्लिकेशन्स।
4. मिश्रा, पी. (2020). अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों में डिजिटल विभाजन की समस्या, समाजशास्त्र विमर्श, 12(1), 78-85।
5. सिंह, ए. के. (2016). सूचना प्रौद्योगिकी और शिक्षा, वाराणसी: ज्ञान भारती प्रकाशन।
6. वर्मा, एस. (2019). उच्च शिक्षा में सूचना साक्षरता का महत्व. शैक्षिक अध्ययन, 7(3), 112-118।
7. पटेल, एम. (2018). जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं तकनीकी चुनौतियाँ, आदिवासी अध्ययन पत्रिका, 5(2), 39-46।
8. भारत सरकार. (2020). राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, नई दिल्ली: शिक्षा मंत्रालय।
9. यादव, आर. (2017). डिजिटल भारत और शिक्षा, नई दिल्ली: प्रभात प्रकाशन।
10. चौधरी, एल. (2021). महाविद्यालयीन पुस्तकालयों में सूचना साक्षरता कार्यक्रम, ग्रंथालय दर्पण, 14(1), 21-29।
11. सिंह, डी. (2019). सूचना समाज और ज्ञान संस्कृति, इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन।
12. यूनेस्को. (2018). मीडिया एवं सूचना साक्षरता: नीति एवं दिशा-निर्देश (हिंदी संस्करण), नई दिल्ली: यूनेस्को कार्यालय।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

साहित्यिक पत्रकारिता का डिजिटल रूपांतरण और पत्रिकाओं का भविष्य

श्रीमती रुचि पालीवाल*

* शोधार्थी, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

'कागज की गंध से निकलकर, अब पिक्सल्स की चमक में ढल रहे हैं, शब्दों के हाथ थामकर हम, नए युग की देहली पर चल रहे हैं। माध्यम बदला है मगर, वैचारिकी की मशाल अब भी वही है, डिजिटल के अनंत आकाश में, साहित्य के नए सूर्य निकल रहे हैं।'

शोध सारांश – साहित्यिक पत्रकारिता की अंतरात्मा मानवीय संस्कृति और वैचारिक चेतना के विकास से अनुप्राणित है। ऐतिहासिक रूप से पंडित जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा संपादित 'उदन्त मार्तण्ड' (1826)से पल्लवित होकर, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के 'सरस्वती'(1900)के भाषा–परिमार्जन और मुंशी प्रेमचंद के 'हंस'(1930)के वैचारिक विमर्श तक, पत्रिकाओं ने सदैव समाज के बौद्धिक अधिष्ठान को निर्मित करने में महती भूमिका निभाई है। वर्तमान सूचना–तकनीकी युग में साहित्य और पत्रकारिता का यह अंत:संबंध एक क्रांतिकारी 'डिजिटल रूपांतरण' के दौर से गुजर रहा है, जहाँ मुद्रित माध्यमों की पारंपरिक संरचना और डिजिटल मीडिया का वैश्विक विस्तार परस्पर संवाद कर रहे हैं। यह रूपांतरण केवल माध्यम का परिवर्तन नहीं, अपितु साहित्यिक मूल्यों, संपादकीय नैतिकता और पाठकीय ग्रहणशीलता का एक नवीन विन्यास है। मुद्रित से डिजिटल की ओर संक्रमण की इस प्रक्रिया में 'ई–पत्रिकाओं', 'वेब–जर्नल्स','साहित्यिक ब्लॉग'और'ऑडियो–विजुअल' माध्यमों (पॉडकास्ट) ने अभिव्यक्ति के स्वरूप को पूर्णत: परिवर्तित कर दिया है।

डिजिटल माध्यमों ने जहाँ एक ओर वैश्विक पाठक–वर्ग तक निर्बाध पहुँच, त्वरित प्रकाशन और लागत में न्यूनता जैसे ऐतिहासिक अवसर प्रदान किए हैं, वहीं दूसरी ओर 'डिजिटल विभाजन' और 'गुणवत्ता बनाम लोकप्रियता' का एक द्वंद्वात्मक परिदृश्य भी निर्मित किया है। वर्तमान दौर का पाठक मात्र सूचनाग्राही नहीं हैय उसकी बदलती प्रवृत्तियाँ और बहुभाषिकता पाठक–लेखक संवाद की एक संवादात्मक संरचना की माँग करती हैं। इस तकनीकी हस्तक्षेप के मध्य डॉ. नामवर सिंह जैसे विचारकों द्वारा रेखांकित संपादकीय विवेक और 'एल्गोरिदम' के बीच का संतुलन सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, जहाँ मौलिकता, तथ्यपरकता और बौद्धिक संपदाके संरक्षण हेतु नवीन मानकों का निर्धारण अनिवार्य हो गया है। विशेष रूप से भारतीय संदर्भ में, यह रूपांतरण स्त्री, दलित एवं वंचित स्वरों के सशक्तिकरण और क्षेत्रीय साहित्य की वैश्विक व्याप्ति का आधार बना है। भविष्य की साहित्यिक पत्रकारिता एक 'हाइब्रिड मॉडल' (मुद्रित डिजिटल) की ओर अग्रसर है, जिसमें समुदाय–आधारित सदस्यता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) जैसे नवाचारों का समावेश सतत विकास की संभावनाओं को पुष्ट करता है। शोध की वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक प्रविधि यह स्पष्ट करती है कि डिजिटल चुनौतियाँकृजैसे आर्थिक स्थायित्व और तकनीकी असमानताकृके बावजूद, साहित्यिक पत्रकारिता का भविष्य अपनी अनुकूलन क्षमता और मानवीय संवेदनाओं के संरक्षण में ही निहित है। अंतत:, यह विवेचन साहित्यिक पत्रकारिता के गौरवशाली अतीत, संघर्षपूर्ण वर्तमान और संभावनाशील भविष्य के मध्य एक संतुलित और तार्किक सेतु निर्मित करता है।

शब्द कुंजी – साहित्यिक पत्रकारिता, डिजिटल रूपांतरण, ई–पत्रिका, पाठकीय संस्कृति, हाइब्रिड मॉडल, संपादकीय विवेक, वैचारिक अधिष्ठान, बौद्धिक संपदा।

प्रस्तावना – साहित्यिक पत्रकारिता मात्र सूचनाओं का संकलन या सामयिक घटनाओं का विवरण नहीं है, बल्कि यह किसी भी राष्ट्र की बौद्धिक जागृति और सांस्कृतिक अस्मिता का वह जीवंत दस्तावेज है, जो समय की रेत पर मानवीय संवेदनाओं के पदचिह्न अंकित करता है। इसकी संकल्पना साहित्य और पत्रकारिता के उस दुर्लभ संयोग में निहित है, जहाँ पत्रकारिता की तथ्यपरकता और साहित्य की शाश्वत संवेदनशीलता परस्पर मिलकर समाज के मानसिक परिष्कार का मार्ग प्रशस्त करती हैं। वस्तुत:, साहित्यिक पत्रकारिता वह सेतु है, जिसके माध्यम से गंभीर चिंतन और सृजनात्मकता जनसाधारण की चेतना का हिस्सा बनती हैं।

हिंदी साहित्यिक पत्रकारिता की ऐतिहासिक परंपरा पर दृष्टिपात करें, तो यह भारतीय पुनर्जागरण और राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन की वैचारिक रीढ़ रही है। इसकी गौरवशाली यात्रा पंडित जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा संपादित 'उदन्त मार्तण्ड'(1826)की भाषायी अस्मिता से प्रारंभ होकर भारतेंदु हरिश्चंद्र की 'कविवचनसुधा'(1867)और 'हरिश्चंद्र चन्द्रिका' (1873) तक विस्तृत है, जिन्होंने हिंदी गद्य को आधुनिकता के संस्कार प्रदान किए। बीसवीं शताब्दी के उषाकाल में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती'(1900)के माध्यम से न केवल भाषा का व्याकरणिक अनुशासन निर्धारित किया, बल्कि साहित्य को श्लोक–मंगलश के व्यापक उद्देश्यों से भी जोड़ा। इसी परंपरा को छायावाद और प्रगतिवाद के दौर में 'चाँद'(1920), 'माधुरी'(1922)और मुंशी प्रेमचंद द्वारा संस्थापित 'हंस'(1930)जैसी

कालजयी पत्रिकाओं ने आगे बढ़ाया। इन पत्रिकाओं ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध शंखनाद करते हुए साहित्य को समाज के आगे चलने वाली मशाल के रूप में स्थापित किया। स्वतंत्रता के उपरांत 'धर्मयुग'(1950), 'आलोचना'(1951), 'पहल'(1973)और 'तद्भव'(1999)जैसी पत्रिकाओं ने वैश्विक विमर्शों और आधुनिकता बोध को केंद्र में रखकर इस समृद्ध विरासत को अक्षुण्ण रखा।

आज 21वीं सदी के उत्तरार्ध में, सूचना प्रौद्योगिकी के अप्रत्याशित विकास ने 'डिजिटल युग' का सूत्रपात किया है, जिसने साहित्य के सृजन, संपादन और वितरण की पारंपरिक पद्धतियों को बुनियादी तौर पर परिवर्तित कर दिया है। यह युग केवल माध्यम के परिवर्तन का नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति के 'लोकतंत्रीकरण' का युग है। अब साहित्य केवल मुद्रित पृष्ठों की गंध और पुस्तकालयों की आलमारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह 'यूनिकोड' के माध्यम से कंप्यूटर और स्मार्टफोन की आभासी स्क्रीन पर निरंतर गतिशील है। डिजिटल मीडिया के इस उदय ने जहाँ एक ओर साहित्य की पहुँच को वैश्विक और त्वरित बनाया है, वहीं दूसरी ओर इसने गहन अध्ययन की संस्कृति और संपादकीय गंभीरता के समक्ष नई चुनौतियाँ भी खड़ी की हैं। तकनीक और साहित्य का यह अंतर्संवाद वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण घटना है, जो पाठक और लेखक के मध्य एक नए प्रकार के प्रत्यक्ष और तात्कालिक संबंध को जन्म दे रही है।

वर्तमान परिदृश्य में इस विषय का अन्वेषण अत्यंत प्रासंगिक और न्यायसंगत प्रतीत होता है क्योंकि यह रूपांतरण केवल भौतिक नहीं, बल्कि वैचारिक भी है। जब'वागर्थ'(1995), 'नया ज्ञानोदय' (2002) और 'पाखी' (2008) जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाएँ डिजिटल संस्करणों को अपना रही हैं और 'समालोचन'(2010)जैसे पोर्टल साहित्यिक विमर्श के नए केंद्र बन रहे हैं, तब इस संक्रमण का विश्लेषण करना अनिवार्य हो जाता है। यह विवेचन मुद्रित माध्यम के भविष्य पर मंडरा रहे अस्तित्वगत संशयों और डिजिटल माध्यमों द्वारा प्रस्तुत असीमित संभावनाओं के मध्य एक संतुलित शोध-दृष्टि प्रदान करता है। डिजिटल युग में साहित्यिक गुणवत्ता का संरक्षण, आर्थिक स्वावलंबन और संपादकीय नैतिकता जैसे प्रश्न इस अध्ययन के केंद्र में हैं, जो न केवल पत्रिकाओं के बदलते स्वरूप को रेखांकित करते हैं, बल्कि भविष्य की साहित्यिक पत्रकारिता हेतु एक दूरगामी दिशा-निर्देश भी प्रस्तुत करते हैं।

शोध के उद्देश्य:

1. साहित्यिक पत्रकारिता के ऐतिहासिक विकासक्रम का विश्लेषण करना।
2. मुद्रित माध्यम से डिजिटल माध्यम की ओर संक्रमण के कारणों और प्रवृत्तियों की पड़ताल करना।
3. डिजिटल युग में साहित्यिक पत्रिकाओं के स्वरूप में आए परिवर्तनों का अध्ययन करना।
4. डिजिटल रूपांतरण द्वारा उत्पन्न चुनौतियों (आर्थिक, नैतिक, गुणवत्ता) का मूल्यांकन करना।
5. भविष्य की साहित्यिक पत्रकारिता के लिए श्हाइब्रिड मॉडलश की संभावनाओं को तलाशना।

शोध के प्रश्न:

1. क्या डिजिटल माध्यमों ने साहित्यिक पत्रकारिता की मौलिक संवेदना और गुणवत्ता को प्रभावित किया है?
2. क्या ई-पत्रिकाएँ और वेब-पोर्टल पारंपरिक मुद्रित पत्रिकाओं का पूर्ण विकल्प बन सकते हैं?
3. डिजिटल रूपांतरण ने 'हाशिए के विमर्शों' (स्त्री, दलित, क्षेत्रीय) को किस प्रकार वैश्विक मंच प्रदान किया है?
4. एल्गोरिदम आधारित सामग्री और मानवीय संपादकीय विवेक के बीच क्या द्वंद्व है?

शोध विधि- प्रस्तुत शोध में 'वर्णनात्मक' एवं 'विश्लेषणात्मक' शोध पद्धति का प्रयोग किया गया है। शोध के निष्कर्षों तक पहुँचने के लिए प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। इसमें ऐतिहासिक दस्तावेजों (पुरानी पत्रिकाओं) और वर्तमान डिजिटल पोर्टल्स (केस स्टडी के रूप में) का विश्लेषण किया गया है ताकि माध्यम के बदलाव के प्रभाव को वस्तुनिष्ठ रूप से समझा जा सके।

साहित्य समीक्षा - साहित्यिक पत्रकारिता पर पूर्व में हुए शोधों का अवलोकन करने पर यह स्पष्ट होता है कि अधिकांश कार्य मुद्रित पत्रिकाओं के इतिहास और उनके योगदान पर केंद्रित रहे हैं।डॉ. रामविलास शर्माऔरसुबोध अग्रवालने साहित्यिक पत्रकारिता को 'सांस्कृतिक पुनर्जागरण' के रूप में देखा है। वहीं, आधुनिक दौर मेंमार्शल मैकलुहान और मैनुअल कैस्टेल्स ने सूचना समाज और माध्यम के तकनीकी पक्ष पर विस्तृत कार्य किया है। हिंदी के संदर्भ मेंविजय बहादुर सिंह और आर. पी. यादव के कार्यों ने डिजिटल मीडिया और साहित्य के अंत:संबंधों को छुआ है, परंतु 'पत्रिकाओं के भविष्य' और 'हाइब्रिड मॉडल' पर केंद्रित शोध अभी भी अत्यंत सीमित हैं। प्रस्तुत शोध इसी रिक्तता को भरने का एक लघु प्रयास है।

शोध सारांश – भारत की जनसंख्या का बड़ा भाग गांवो में निवास करता है। गांवो में ग्रामीणों की आजीविका का सर्वप्रधान साधन प्रारंभ से ही कृषि रहा तथा दूसरा साधन पशुपालन। धीरे-धीरे ग्रामीण परंपराए विलुप्त होने लगी। लोग आजीविका के लिए शहरों की ओर पलायन करने लगे। छत्तीसगढ़ राज्य में गाँवों की पुरानी आर्थिक गतिवधियों को बचाने के लिए वर्ष 2019 में शासन द्वारा नरवा-गुरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना की शुरूआत की गई। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने तथा ग्रामीण परिवारों की आजीविका में स्थिरता लाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई। प्रस्तुत शोध पत्र में नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना की स्थिति, उपलब्धि, समस्या एवं सुझावों को प्रस्तुत किया गया हैं। अध्ययन हेतु रायपुर एवं धमतरी जिलों के 90-90 कुल 180 हितग्राहियों से प्राथमिक समंक संग्रहण किया गया है तथा द्वितीयक समंक हेतु योजना के संचालन से संबंधित विभागों से आँकडे संग्रहित किए गए हैं। प्राथमिक समंक हेतु लाभार्थियों से आजीविका विविधीकरण, आय वृद्धि तथा महिला सशक्तिकरण पर योजना के तुलनात्मक प्रभाव का विश्लेषण किया गया हैं। परिकल्पना परीक्षण हेतु काई-स्क्वैर परीक्षण विधि का प्रयोग किया गया हैं। परीक्षण से परिणाम प्राप्त हुए है कि योजना से ग्रामीणों की आय में वृद्धि हुई, महिलाओं का आर्थिक लाभ मिला तथा ग्रामीणों को कृषि के अलावा आजीविका के दूसरे अवसर भी उपलब्ध हुए। रायपुर एवं धमतरी जिलों में योजना से आय वृद्धि एवं आजीविका विविधीकरण के स्तर पर महत्वपूर्ण अंतर नही पाया गया हैं।

शब्द कुंजी –आजीविका विविधीकरण, नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी, गौठान, स्व-सहायता समूह।

प्रस्तावना – भारत देश की आत्मा गाँव में बसती हैं।देश की अधिकतम जनसंख्या गाँवों में निवास करती है। प्राचीनकाल से ही गॉवों की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित रही हैं।ग्रामीणों की आजीविका का प्रथम साधन कृषि कार्य रहा हैं।भारत के इतिहास के विभिन्न कालों से भारत के कृषि प्रधान देश होने के प्रमाण प्राप्त होते हैं।सभ्यता के विकास के साथ-साथ भारत के ग्रामीणों ने कृषि के साथ-साथ पशुपालन को अपनी आजीविका का दूसरा साधन बनाया। धीरे-धीरे विकास चक्र में आगे बढ़तें हुए देश ने औद्योगीकरण को अपनाया। जिस प्रकार किसी सिक्के के दो पहलू होते है उसी प्रकार औद्योगीकरण के भी दो पहलू सामने आए एक ओर विकास और दूसरी ओर ग्रामीणों का पलायन।ग्रामीण आजीविका के लिए कृषि एवं पशुपालन के स्थान पर उद्योगों में कार्य करने हेतु अपने गॉवों से शहरो की तरफ पलयान करने लगे।ग्रामीणों के प्रवासन से देश की पांरपरिक आर्थिक क्रियाएँ अपेक्षाकृत घटने लगी। धीरे-धीरे जनसंख्या का प्रतिशत शहरों की तरफ शून्य से बढ़ने लगा।वर्तमान में विकासशील भारत का बड़ा भाग उद्योगों पर आधारित अग्रसर होना महत्वपूर्ण है परंतु इसके साथ अपनी संस्कृति एवं परम्परा को जीवित रखना भी आवश्यक है।भारत सरकार एक ओर विकसित भारत की तरफ अग्रसर है दूसरी ओर वह अपनी ग्रामीण संस्कृति एवं प्राचीन आर्थिक परंपराओं को बचाने एवं उनके विकास के लिए तत्पर है।

भारत का राज्य 'छत्तीसगढ़' जो भारत का 26 वें क्रम का राज्य हैं। वन, खनिज, जल आदि संसाधनों की बाहुलता राज्य को देश में अलग पहचान प्रदान करता हैं। भारत का राज्य होने के कारण यहाँ की भी लगभग 78 प्रतिशत जनसंख्या कृषि एवं कृषि कार्यो पर आधारित हैं। छत्तीसगढ विकास के आयामों को प्राप्त कर रहा है जिसके कारण राज्य की ग्रामीण जनसंख्या में पलायन एवं प्राचीन पंरपराओं का लुप्त होना देखा जा सकता हैं। वर्ष 2019 में तात्कालिक छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की ग्रामीण आर्थिक क्रियाओं को बचाने एवं विलुप्त हो रही ग्रामीण परंपराओं को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से सुराजी गांव योजना की शुरूआत की। सुराजी गांव योजना की शुरूआत 01 जनवरी 2019 को की गई। इस योजना के अंतर्गत चार कार्यक्रमों का संचालन किया गया नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी। इसे सुराजी गांव योजना या नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना दोनों ही नाम से पहचान मिली। योजना का उद्देश्य जल संरक्षण, पशुधन सरंक्षण, पशुधन संवर्धन, जैविक कृषि का विकास, पोषण में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का समग्र विकास करना रहा।

'छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी
नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी
ऐला बचाना है संगवारी'

नरवा- नरवा अर्थात नाला। नरवा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्षा के जल को छोटे-छोटे नाले बनाकर संरक्षित करना ताकि कृषकों को कृषि कार्य हेतु

सिंचाई के लिए पानी वर्ष पर्यंत उपलब्ध हो सके। साथ ही इस जल का प्रयोग पशु अपनी प्यास बुझाने के लिए भी कर सके।

गरूवा– गरूवा छत्तीसगढ़ी शब्द है जिसका अर्थ है पशुधन गरूवा कार्यक्रम अंतर्गत पशुधन का संरक्षण करने एवं उनका संवर्धन करने का कार्य किया गया। परंतु प्रारंभ में गरूवा कार्यक्रम अंतर्गत केवल गौवंशीय पशु अर्थात् गायों को रखा गया। कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में गौठानों का निर्माण गायों के लिए डे–शेल्टर के रूप में किया गया जहाँ गायों के लिए पानी, चारा, चिकित्सा सुविधाएँ आदि की व्यवस्था की गई। गौठानो के पश्चात् शासन द्वारा गौठानों के माध्यम से प्राप्त गोबर एवं गोमूत्र के सदुपयोग एवं ग्रामीण हेतु आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्देश्य से गोधन न्याय योजना की शरूआत की। योजना से ग्रामीणों को प्राप्त लाभों का विश्लेषण अध्ययन के अग्र भाग में हैं।

घुरूवा–घुरूवा का अर्थ है घरेलु अपशिष्टों की टंकी। घरों से प्राप्त होने वाले पशु अपशिष्ट एवं अन्य अपशिष्ट जैसे सब्जियों, फल आदि के छिलके, इन अपशिष्टों को घुरूवा अर्थात अपशिष्ट टंकी में डालकर टंकी को बंद कर दिया जाता है कुछ समय बाद ये अपशिष्ट जैविक खाद का रूप ले लेती है। घुरूवा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जैविक कृषि को बढ़ावा देना रहा। यह कार्यक्रम अपशिष्ट प्रबंधन का अच्छा मॉडल रहा। रासायनिक खाद के उपयोग का प्रतिशत योजना के माध्यम से कम करने का प्रयास किया गया हैं। इसके साथ ही जैविक खाद के प्रयोग से भूमि की उर्वरता भी दीर्धकाल के लिए सुरक्षित करने की भी अवधारणा से योजना संचालित की गई।

बाड़ी – बाड़ी का अर्थ है घर के अंदर या आस–पास की खेती जिसे आधुनिक क्षेत्रों में किचन गार्डन के रूप मे जाना जाता है। नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाडी योजना के चौथे कार्यक्रम का उद्देश्य घरों में सब्जियॉ फल आदि के उत्पादन को बढ़ावा देना रहा। जिससे ग्रामीण परिवारो तक उचित पोषण पहुँच पाए तथा इन फल–सब्जियों का घरो के उपयोग के बाद शेष उत्पादन को बेचकर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकें।

योजना के संचालन से संबंधित विभाग

1. कृषि विभाग
2. जल संसाधन विभाग
3. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
4. ऊर्जा विभाग
5. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
6. पशुपालन विभाग
7. वन विभाग
8. नगरीय प्रशासन विभाग
9. इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय
10. उद्यानिकी विभाग

आजीविका विविधीकरण – आजीविका विविधीकरण का तात्पर्य एक व्यक्ति अथवा परिवार का आय के एक स्त्रोत पर निर्भर न रहकर अन्य स्त्रोंतो को भी अपनाना है ताकि उनकी आय मे वृद्धि हो उन्हे, अतिरिक्त आय की प्राप्ति हो, आर्थिक जोखिम कम हो पाए तथा आय के एक स्त्रोत के बंद होने पर अन्य गतिविधि से आय प्राप्त हो सके।नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना ग्रामीण आजीविका विविधीकरण का एक जीवित मॉडल सिद्ध हुआ।ग्रामीणों को कृषि कार्य में सहायता के साथ–साथ अन्य आर्थिक गतिविधियों के अवसर योजना के माध्यम से प्रदान किए गए।

अध्ययन की आवश्यकता– आजीविका विविधीकरण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम माना जाता है। ग्रामीण आजीविका विविधीकरण के अवसरों को समझने के लिए नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना का अध्ययन आवश्यक हैं। अध्ययन के माध्यम से योजना के लाभार्थियो को मिलने वाले लाभों की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना आवश्यक है। इस योजना के संबंध में शोध कार्य अन्य विकास योजनाओं तुलना में कम हुए है अत: योजना की सफलता अथवा असफलता की वास्तविक स्थिति को दर्शाने के लिए इस विषय पर अध्ययन की आवश्कता है।

अध्ययन का योगदान– प्रस्तुत अध्ययन छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर संभाग में नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के माध्यम से ग्रामीण आजीविका विविधीकरण तथा आय में वृद्धि की वास्तविक स्थिति का मूल्याकंन प्रस्तुत करता है। अध्ययन में योजना के क्रियान्वयन के समय आ रही समस्याओं को भी प्रस्तुत किया गया है। इन समस्याओं के सुझाव भी प्रस्तुत किये गये है। ग्रामीण आजीविका अथवा आर्थिक विकास से संबंधित सरकार के किसी भी प्रयास को मार्गदर्शन प्रदान करने की कोशिश की गई है। वर्तमान में नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना बंद कर दी गई है परंतु अध्ययन के माध्यम से इस योजना को पुन: प्रांरभ करने का सुझाव दिया गया है साथ ही पुन: प्रारंभ करने पर योजना के संबंध मे किन बातों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए इस पर भी अध्ययन के द्वारा प्रकाश डाला गया है।

संबंधित शोध साहित्य का पुनरावलोकन

1. **गुप्ता अरूणेश कुमार (2021)** ने अपने शोध पत्र **'छत्तीसगढ़ राज्य की नरवा–गरूवा–घुरूवा –बारी योजना'** में बताया कि छत्तीसगढ़ की ग्रामीण जनसंख्या के लिए नरवा–गरूवा– घुरूवा–बारी योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है इन कार्यक्रमों के माध्यम से भू–जल रिचार्ज, सिंचाई की उपलब्धता एवं जैविक कृषि के विकास में सहायता प्राप्त हो रही है। योजना के माध्यम से किसानों को दोहरी फसल लेने में आसानी हो रही है। पशुओं की उचित देखरेख संभव है। लेखक के अनुसार इस योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती आयेंगी तथा पोषण में सुधार होगा। लेखक ने बताया कि यह प्रथम कार्यक्रम है जिसमें दिनचर्या को रोजगार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन निश्चित ही प्रदेश के अर्थव्यवस्था एवं जीवनस्तर में वृद्धि करेगा।

2. **कुमार एस. एवं सारस्वत सपना शर्मा (2021)** ने अपने शोध पत्र **'ग्रामीण समाज में सुराजी गाँव (नरवा–गरूवा–घुरूवा–बारी) योजना के प्रभाव का अध्ययन (छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के संदर्भ में)'** में नरवा– गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के महत्व को बताते हुए योजनांतर्गत ग्रामीण संस्कृति के पुनर्जीवन को बताया हैं। उनके अनुसार इस योजना से कृषि को बढ़ावा मिल रहा है साथ ही साथ ग्रामीणों के स्वरोजगार में वृद्धि हो रही है एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास हो रहा हैं।

3. **Mathur Parul (2021)** ने अपने शोध–पत्र **'Narwa, Garuwa, Ghuruwa, Baadi (NGGB) Program Development of Chhattisgarh' (2021)** में एकीकृत परिदृश्य प्रबंधन में नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी की भूमिका को समझाया हैं। लेखक के अनुसार एकीकृत परिदृश्य प्रबंधन में राज्य की यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एकीकृत परिदृश्य प्रबंधन का तात्पर्य ऐसे समन्वित प्रबंधन से है जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहें, लोगों की आजीविका चलती

रहे, जैवविविधता बनी रहे तथा प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग होता रहा। प्रस्तुत शोध-पत्र में लेखक ने नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी को इसी परिदृश्य से जोड़ते हुए इन चारों कार्यक्रमों का महत्व स्पष्ट किया है।

4. Das Piyush (2022)द्वारा अपने शोध पत्र **'A Revolution ofApproval of Model NGGB in RuralAreas of Chhattisgarh'** में छत्तीसगढ़ राज्य की नरवा-गरूवा-गरवा-बाड़ी योजना के क्रियान्वयन मॉडल, चुनौतियो, परिणाम तथा योजना का राज्य के ग्रामीण विकास पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण किया हैं। लेखक के अनुसार योजना राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, पशुधन संवर्द्धन, अपशिष्ट प्रबंधन तथा पोषण सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार एवं विकास हेतु एक विशेष मॉडल है। चारो घटकों के एकीकृत विकास से ग्रामीण विकास संभव हैं।

5. Kumar Siddharth,A.K. Gauraha, Sharma ShashankAnd Bhaskar Shiv (2021) ने अपने शोध पत्र **'An EconomicAnalysis of vermicompost in Balod District of Chhattisgarh'** में बालोद जिले के तीन ब्लॉक के वर्मी कम्पोस्ट स्वयं सहायता समूहों से समंकों का संकलन कर वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन के संसाधनों और उनके विपणन संबंधी विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर, वर्मी कम्पोस्ट के विपणन में आने वाली समस्याओं को दर्शाया है साथ ही उन समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किए हैं।

6. साहू तोमेश्वरी (2025) ने अपने शोध-पत्र **'छत्तीसगढ़ की सुराजी गाँव योजना अंतर्गत गरूवा योजना की भूमिका का अध्ययन'** में सुराजी गाँव योजनांतर्गत संचालित गरूवा कार्यक्रम की उपयोगिता को बताया है। उनके शोध-पत्र में गरूवा कार्यक्रम के क्रियान्वयन, चुनौतियाँ, समस्याएँ एवं सुझावों को दर्शित किया है। उनके अनुसार यह योजना ग्रामीण विकास की एक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना के लाभार्थियों में आजीविका विविधीकरण की स्थिति का अध्ययन करना।
2. योजना के परिणामस्वरूप ग्रामीणों की आय में हुए परिवर्तन का विश्लेषण करना।
3. योजना के दौरान लाभार्थियों को प्राप्त आजीविका विविधीकरण के अवसरों का मूल्याकंन करना।
4. योजना के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में हुए सुधार का मूल्याकंन करना।

शोध प्रविधि- प्रस्तुत शोध पत्र हेतु प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों समंको का प्रयोग किया गया हैं। प्राथमिक समंक हेतु रायपुर संभाग अंतर्गत रायपुर एवं धमतरी जिलों से 180 हितग्राहियो से साक्षात्कार के माध्यम से प्रश्न कर समंको का संकलन किया गया है। साथ ही द्वितीयक समंक संकलन के लिए योजना से संबंधित विभागों के प्रतिवेदन, रिसर्च जर्नल्स एवं इंटरनेट का प्रयोग किया गया हैं।

शोध का प्रकार- प्रस्तुत शोध अध्ययन का प्रकार वर्णात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध हैं।

समंक संकलन की विधि- आँकड़ों के संकलन हेतु सरल यादृच्छिक नमूना विधि का प्रयोग किया गया है।

विश्लेषण की विधि- काई स्क्वैर टेस्ट विधि का प्रयोग किया गया है।

शोध अभिकल्प

समग्र: रायपुर एवं धमतरी जिले में नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना के हितग्राही

प्रतिदर्श विधि: यादृच्छिक नमूना विधि

प्रतिदर्श आकार: 180 (रायपुर से 90 एवं धमतरी से 90)

सर्वेक्षण क्षेत्र: रायपुर एवं धमतरी जिलों के ग्रामीण क्षेत्र

शोध अध्ययन की परिकल्पनाएँ

H_1 नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना के माध्यम से ग्रामीणों की आय में वृद्धि हुई है।

H_2 योजना के माध्यम से प्राप्त आजीविका विविधीकरण के अवसरों में रायपुर तथा धमतरी जिलें में अंतर हैं।

H_3 नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाया हैं।

अध्ययन की सीमाएँ :

1. आजीविका विविधीकरण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं अथवा सरकारी प्रयासों में से नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी योजना का चयन किया गया हैं।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों में से दो जिले रायपुर एवं धमतरी का चयन अध्ययन हेतु किया गया हैं।
3. रायपुर एवं धमतरी योजना के विभिन्न हितग्राहियों मे से कुल 180 हितग्राहियों का चयन किया गया हैं।
4. समंक संकलन पूर्णत: हितग्राहियों की स्वयं की जानकारी पर आधारित है जिसमें कभी - कभी अपूर्ण जानकारी की संभावना बनी रहती हैं।
5. योजना के मूल्याकंन हेतु योजना अवधि 4.11 माह के समंकों का विश्लेषण किया गया हैं।

नरवा कार्यक्रम से आजीविका विविधीकरण - नरवा कार्यक्रम का उद्देश्य जलस्त्रोंतों का संरक्षण एवं उन्हे पुनर्जीवित करना रहा। योजनावधि में छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 37109 नरवा का निर्माण किया गया। नरवा के माध्यम से ग्रामीणों को आजीविका के अवसर प्राप्त हुए वे निम्नलिखित हैं

1. सिंचाई उपलब्ध होने के कारण कृषक केवल खरीफ फसल पर निर्भर न रहकर रबी की फसलों की खेती भी कर पाए।
2. वर्ष पर्यंत पानी की उपलब्धता पशुपालन गतिविधियों को बढ़ाने में उपयोगी रही जिससे दुग्ध व्यवसाय के अवसरों में वृद्धि हुई।
3. छोटे नहरों में पानी संग्रहण से ग्रामीणों को मतस्य पालन गतिविधि के भी अवसर प्राप्त हुए।
4. रबी एवं खरीफ की फसलों के जल उपलब्धता ने कृषकों को सब्जी, मसाला, फल एवं फूलों की खेती जैसे उच्च मूल्य वाली फसलों के उत्पादन से कृषकों को आजीविका विविधीकरण के सुअवसर प्राप्त हुए जिससे उन्हे अतिरिक्त आय की प्राप्ति हुई।
5. नरवा कार्यक्रम केवल कृषक अपितु ग्रामीणों को मनरेगा के माध्यम से रोजगार प्राप्त कराने में भी सहायक रहा।नरवा निर्माण हेतु महात्मागांधी रोजगार गांरटी के अधिनियम (मनरेगा) के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार की प्राप्ति हुई।

तालिका क्रमांक - 1: रायपुर एवं धमतरी जिले में नरवा की स्थिति

क्र.	जिला	स्वीकृत नरवा की संख्या	पूर्ण नरवा की संख्या	प्रतिशत
1.	रायपुर	5652	5652	100%
2.	धमतरी	446	99	22.19%
	योग	**6098**	**5751**	

(स्त्रोत:- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)

ग्राफ क्रमांक - 1



तालिका क्रमांक 1 में रायपुर एवं धमतरी जिले में स्वीकृत नरवा संचरना के विरूद्ध पूर्ण की गई नरवा संरचना का प्रदर्शित किया गया हैं। रायपुर जिले में 5652 नरवा संरचना निर्माण हेतु स्वीकृत की गई थी तथा 5652 (100 प्रतिशत) नरवा निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया। वहीं धमतरी जिलें में 446 स्वीकत की गई संरचनाओं में से केवल 99 नरवा निर्माण पूर्ण किया गया जो कि स्वीकृत का 22.19 प्रतिशत था। इस प्रकार रायपुर जिले में धमतरी जिले की तुलना नरवा निर्माण का कार्य अधिक रहा।

गरूवा कार्यक्रम से आजीविका विविधीकरण - गरूवा कार्यक्रम पशुधन संरक्षण एवं पशु संवर्धन के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया। ग्रामीणों को कृषि कार्य के अतिरिक्त पशुपालन से आजीविका के अवसर प्राप्त हुए। पशुपालक, चरवाहे, महिला स्व सहायता समूह, कृषक एवं उद्यमी गरूवा कार्यक्रम के हितग्राही रहे। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गौठान निर्माण किया गया। गौठानों में पशुओं विशेषकर घुमंतु पशओं को संरक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण को आजीविका के विभिन्न अवसर प्राप्त हुए जिसका विश्लेषण अग्रलिखित हैं:

1. गौठानों के माध्यम से चरवाहों कों अतिरिक्त आय की प्राप्ति हुई।
2. राज्य में कुल 1,62,497 पशुपालक कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।
3. गौठान निर्माण हेतु मनरेगा के माध्यम से मजदूरों को रोजगार की प्राप्ति हुई।
4. 20 जुलाई 2020 को प्रारंभ की गई गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों एवं पशुपालको से 2 रू. प्रति कि.ग्रा. की दर से गोबर का क्रय किया गया। गोबर विक्रय कर पशुपालकों को आय का अतिरिक्त अवसर प्राप्त हुआ।
5. क्रय किए गए गोबर को स्व सहायता समूहों को दिया जाता हैं इन समूहों में सदस्य महिलाएँ होती थी। समूह की महिलाएँ गोबर से पेंट, डिस्टेंपर, खाद एवं गोबर के अन्य उत्पाद जैसे दिया, अगरबत्ती, लकड़ी आदि बनाकर स्वयं में उद्यमिता का विकास करने में सफल रही साथ ही इन उत्पादों को बेचकर महिला अजीविका एवं आय का अवसर प्राप्त कर पाई।
6. गोबर के सफल उपयोग के बाद शासन ने पशुपालकों से गौ-मूत्र क्रय किया। 4 रू. प्रति लीटर की दर से खरीदे गए गौ-मूत्र से महिला स्व सहायता समूहों द्वारा कीटनाशक एवं वृद्धिवर्धक का निर्माण किया। इसके लिए उन्हे प्रशिक्षण की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई। कीटनाशक एवं वृद्धिवर्धक का विक्रय ग्रामीण महिलाओं की आजीविका विविधीकरण एवं आय वृद्धि का सक्षम साधन बनी।
7. गौठानों मे शासन द्वारा महात्मागांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) की शुरूआत की जिसके अंतर्गत ग्रामीणों एवं स्व सहायता समूहों को घरेलू उत्पाद जैसे अगरबत्ती, रेडी टू इट फूड, बिस्किट, साबुन, पापड, अचार आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इससे ग्रामीणों को आय का अतिरिक्त साधन एवं आजीविका के अवसर प्राप्त हुए। रीपा कार्यक्रम से 11608 हितग्राही योजना काल में लाभन्वित हुए।

तालिका क्रमांक - 2: गौठान निर्माण की स्थिति एवं सड़कों से गौठानों में विस्थापित पशुओं की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)

क्र.	जिला	गौठान निर्माण		पशुओं का गौठानों में विस्थापन
		स्वीकृत	पूर्ण	
1.	रायपुर	344	344	10803
2.	धमतरी	312	312	289
	योग	**656**	**656**	**11092**

(स्त्रोत:- गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन-2023 कृषि विभाग छ.ग.)

ग्राफ क्रमांक - 2



उक्त तालिका क्रमांक 2 के अनुसार रायपुर जिले में 344 स्वीकृत गौठानों में से 100 प्रतिशत गौठानों का निर्माण पूर्ण हुआ उसी प्रकार धमतरी जिले में भी स्वीकृत गौठानों के विरूद्ध 100 प्रतिशत गौठानों का निर्माण पूर्ण किया गया। वही सड़को से गौठानों में विस्थापित पशुओं (गायों) की संख्या रायपुर जिले में 10809 थी जबकि धमतरी जिले में इनकी संख्या 289 थी।

तालिका क्रमांक - 3: गोबर क्रय एवं गोबर से उत्पादित कम्पोस्ट की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)

क्र.	जिला	गोबर क्रय (क्वि. में)	उत्पादित कम्पोटस्ट (क्वि. में)	कम्पोस्ट का विक्रय (क्वि. में)	उत्पादन की तुलना में विक्रय
1.	रायपुर	754528	237475	212542	90%
2.	धमतरी	518760	139766	125808	90%
	योग	**1273288**	**377241**	**338350**	

(स्त्रोत – गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन–2023 कृषि विभाग छ.ग.)

ग्राफ क्रमांक – 3



तालिका क्रमांक 3 में रायपुर एवं धमतरी जिलों में गोबर क्रय तथा गोबर से निर्मित कम्पोस्ट एवं उनके विक्रय की तुलना की गई हैं। रायपुर जिले में 754528 क्वि. गोबर क्रय कर महिला स्व–सहायता समूह के माध्यम से 237475 क्वि. कम्पोस्ट तैयार किया गया जिसमें से 90 प्रतिशत कम्पोस्ट का विक्रय 6 रू. प्रति क्वि.ग्रा. की दर से विक्रय कर अतिरिक्त आय प्राप्त की गई। वही धमतरी जिले में 518760 क्वि. गोबर क्रय से 139766 क्वि. कम्पोस्ट तैयार किया गया जिसमें से 90 प्रतिशत कम्पोस्ट का विक्रय कर महिला स्व–सहायता समूहों द्वारा आय प्राप्त की गई।

तालिका क्रमांक – 4 : गोबर से प्राकृतिक पेंट, डिस्टेपर, उत्पादन एवं विक्रय की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)

(राशि रू में)

क्र.	जिला	संचालित पेंट इकाई	पेंट व डिस्टेंपर का उत्पादन (लीटर में)	पेंट व डिस्टेंपर का विक्रय (लीटर में)	विक्रय से प्राप्त शुद्ध आय
1.	रायपुर	3	48242	32116	4343550
2.	धमतरी	10	5589	3500	193810
	योग	**13**	**53831**	**35616**	**4537360**

(स्त्रोत:– गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन–2023 कृषि विभाग छ.ग.)

ग्राफ क्रमांक – 4



तालिका क्रमांक 4 में रायपुर एवं धमतरी जिलों में पेंट इकाईयों, पेंट, डिस्टेपंर के उत्पादन, विक्रय तथा विक्रय से आय को दर्शाया गया है रायपुर जिले में संचालित 3 पेंट इकाईयों में कुल 48242 लीटर पेंट–डिस्टेंपर का उत्पादन कर 32116 लीटर तथा डिस्टेंपर का विक्रय किया गया। विक्रय से रायपुर जिले की पेंट इकाईयों के संलग्न महिलाओं द्वारा 43,43,550 रू. की शुद्ध आय अर्जित की गई। जबकि धमतरी जिले में 10 इकाईयां संचालित होने के बाद भी 5589 लीटर पेंट–डिस्टेंपर का उत्पादन किया गया जिसमें से 3500 लीटर विक्रय कर कुल 193810 रू. की शुद्ध आय अर्जित की गई।

तालिका क्रमांक – 5: गो–मूत्र क्रय एवं गो–मूत्र से कीटनाशक तथा वृद्धिवर्धक क्रय–विक्रय की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)

(राशि रू में)

क्र.	जिला	गो–मूत्र क्रय (लीटर में)	कीटनियंत्रक एवं वृद्धिवर्धक उत्पादन (लीटर में)	कीटनियंत्रक एवं वृद्धिवर्धक विक्रय (लीटर में)	विक्रय से प्राप्त आय
1.	रायपुर	6825	2930	2919	145390
2.	धमतरी	3975	2843	2174	134310
	योग	**10800**	**5773**	**5093**	**279700**

(स्त्रोत:– गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन–2023 कृषि विभाग छ.ग.)

ग्राफ क्रमांक – 5



तालिका क्रमांक 5 के अनुसार रायपुर जिले में पशुपालकों (गौपालकों) से कुल 6825 लीटर गो–मूत्र क्रय किया गया जबकि धमतरी जिले में इस क्रय की मात्रा 3975 लीटर थी। क्रय किए गए गौ–मूत्र से महिला स्व सहायता समूहों ने कीटनाशक एवं वृद्धिवर्धक का उत्पादन कर विक्रय किया गया। रायपुर जिले में 2930 लीटर कीटनाशक तथा वृद्धिवर्धक का उत्पादन किया गया जिसमें से 2919 लीटर का विक्रय कर कुल 1,45,390 रू. की आय महिला स्व सहायता समूह द्वारा अर्जित किया गया। जबकि धमतरी जिले में समूह की महिलाओं ने 2843 लीटर कीटनियंत्रक एवं वृद्धिवर्धक के उत्पादन में से 2174 लीटर का विक्रय कर 134310 रू. की आय अर्जित की। धमतरी की तुलना में रायपुर जिले में गो–मूत्र आधारित आय अधिक रही।

घुरूवा कार्यक्रम से आजीविका विविधीकरण – घुरूवा कार्यक्रम का उद्देश्य जैविक खाद के माध्यम से जैविक कृषि को बढ़ावा देना था। जिसमें ग्रामीणों के आय में वृद्धि के साथ पोषण भी उपलब्ध है। घुरूवा कार्यक्रम

द्वारा ग्रामीणों में आजीविका विविधीकरण को निम्नलिखित रूप से समझा जा सकता हैं:

1. घुरूवा कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के घरो में घुरूवा निर्माण कर घुरूवा के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा जैविक खाद का उत्पादन किया गया इस खाद का प्रयोग स्वयं की भूमि में करने के पश्चात् शेष खाद का विक्रय कर ग्रामीणों में अपनी आजीविका में वृद्धि की।
2. जैविक खाद के उपयोग से कृषि लागत में 25-30 प्रतिशत की कमी आई जिससे यह बचत कृषकों की अतिरिक्त आय बनी।
3. महिला स्व-सहायता समूहों को जैविक उत्पाद आधारित उद्यम चलाने के अवसर प्राप्त हुए।
4. घुरूवा निर्माण कार्य में मनरेगा के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार की प्राप्ति हुई।

तालिका क्रमाक - 6: घुरूवा उन्नयन, जैविक खाद उत्पादन एवं उपयोग की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)

क्र.	जिला	प्रस्तावित घुरूवा	पूर्ण घुरूवा	कुल उत्पादित जैविक खान (टन में)	स्वय की भूमि में उपयोग जैविक खाद (टन में)
1.	रायपुर	30,000	29,504	53,250	53250
2.	धमतरी	4038	130	5	5
	योग	**34038**	**29634**	**53255**	**53255**

(स्त्रोत:- गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन-2023 कृषि विभाग छ.ग.)

ग्राफ क्रमांक - 6



उक्त तालिका क्रमांक 6 में रायपुर एवं धमतरी जिले में घुरूवा निर्माण की स्थिति तथा घुरूवा से उत्पादित जैविक खाद की स्थिति प्रर्दशित की गई हैं। रायपुर जिले में 30,000 स्वीकृत घुरूवा सरंचना में से 29,504 घुरूवा निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया। जो स्वीकृत की तुलना में 98.34 प्रतिशत था वही धमतरी जिले में 4038 प्रस्तावित घुरूवा संरचना के विरूद्ध 130 घुरूवा निर्माण पूर्ण किया गया जो स्वीकृत का केवल 3.21 प्रतिशत था। घुरूवा में उत्पादित जैविक खाद की मात्रा रायपुर जिले में 53250 टन तथा धमतरी जिले में केवल 5 टन रही। उत्पादित खाद का 100 प्रतिशत उपयोग रायपुर एवं धमतरी जिले मे ग्रामीणों द्वारा स्वयं की भूमि में किया गया।

बाड़ी कार्यक्रम से आजीविका विविधीकरण - बाड़ी अर्थात घरेलु खेती/ बाड़ी कार्यक्रम के तहत ग्रामीण परिवारों में बाड़ी उन्नयन कराकर पोषण उपलब्ध कराया जाता है प्रतिवर्ष 1,00,000 बाड़ियों का विकास का लक्ष्य राज्य द्वारा रखा जाता हैं।बाड़ी कार्यक्रम तहत सब्जियों का उत्पादन वर्ष पर्यंत ग्रामीणों द्वारा किया जाता हैं जिससे उन्हें पोषण तो मिलता ही है साथ ही अतिरिक्त सब्जियों के विक्रय से ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती हैं।

1. सब्जियों के साथ मौसमी फल, औषधीय पौधे, मसाले एवं फूल आदि के उत्पादन से आय के स्त्रोत प्राप्त हो रहे हैं।
2. बाड़ी के माध्यम से सब्जी, फूल आदि के पौधे तैयार कर नर्सरी से आय अर्जित की गई।

तालिका क्रमाक - 7: बाड़ी विकास एवं बाड़ियों से औसत आय की स्थिति (रायपुर एवं धमतरी जिले की तुलना)

क्र.	जिला	वर्ष 2023-24			वर्ष 2024-25		
		बाड़ी संख्या	वितरित पौधो की संख्या	औसत आय प्रति बाड़ी (रूपए में)	बाड़ी संख्या	वितरित पौधो की संख्या	औसत आय प्रति बाड़ी
1.	रायपुर	3700	43894	2450	3700	97464	2900
2.	धमतरी	4500	45677	3100	4573	61430	4400
	योग	**8200**	**89571**	**-**	**8273**	**58894**	**-**

(स्त्रोत:- गोधन न्याय योजना समीक्षा प्रतिवेदन-2023 कृषि विभाग छ.ग.)

ग्राफ क्रमांक - 7



तालिका क्रमांक 7 में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में रायपुर तथा धमतरी जिले में बाड़ी की संख्या, उन बाड़ियों में वितरित किए गए पौधों की स्थिति तथा प्रति बाड़ी औसत आय को दर्शाया गया हैं। वर्ष 2023-24 में रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों मे 3700 बाड़ियों तथा धमतरी जिले में 4500 बाड़ियों का उन्नयन किया गया। रायपुर जिले की बाड़ियों में वितरित किए गए पौधों की संख्या 43894 तथा इन बाड़ियों की औसत आय 2450 रू. रही जबकि धमतरी जिले में वितरित किए गए पौधो की संख्या 45677 थी और प्रति बाड़ी औसत आय 3100 रू थी। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में रायपुर एवं धमतरी में बाड़ियों की संख्या क्रमश: 3700 एवं 4573 रही। इन बाड़ियों में क्रमश: पौधे विवरण की संख्या की 97464 एवं 61430 थी

जबकि दोनो जिलों में प्रति बाड़ी आय क्रमश: 2900 एवं 4400 रही।

प्राथमिक आँकड़ों का विश्लेषण

तालिका क्रमांक – 8

1.क्या नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के लागू होने के पश्चात् आपके परिवार की आय में वृद्धि हुई हैं ?

क्र.	रायपुर			धमतरी		
	उत्तर	आवृत्ति	प्रतिशत	उत्तर	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	72	80%	हाँ	68	75.55%
2.	नही	18	20%	नही	22	24.45%
	योग	90	100%		90	100%

(स्त्रोत:– प्राथमिक समंक)

ग्राफ क्रमांक – 8



तालिका क्र. 8 के अनुसार रायपुर जिले के 80 प्रतिशत लोग की आय में वृद्धि नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के लागू होने से हुई है जबकि 20 प्रतिशत लोगों की आय में योजना का प्रभाव नही पड़ा है। वही धमतरी जिलें में 75.55 प्रतिशत लोगों की आय में वृद्धि योजना के आने बाद हुई है जबकि 24.45 प्रतिशत लोगों ने माना कि योजना के आने से उनकी आय में किसी प्रकार की वृद्धि नही हुई हैं।

तालिका क्रमांक – 9

2. क्या नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना प्रारंभ होने के बाद आपकी आजीविका में कोई नया काम जुड़ा हैं ?

क्र.	रायपुर			धमतरी		
	उत्तर	आवृत्ति	प्रतिशत	उत्तर	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	63	70%	हाँ	71	78.88%
2.	नही	27	30%	नही	19	21.12%
	योग	90	100%	8273	90	100%

(स्त्रोत:– प्राथमिक समंक)

ग्राफ क्रमांक – 9



तालिका क्रमांक 9 के अनुसार रायपुर जिले के हितग्राहियों में से 70 प्रतिशत लोगो को योजना के माध्यम से आजीविका के नए अवसर प्राप्त हुए है जबकि 30 प्रतिशत को नवीन अवसर प्राप्त नही हुए उन्हे कृषि कार्य का लाभ प्राप्त हुआ हैं। वही धमतरी जिले में चुने गए हितग्राहियों मे से 78.88 प्रतिशत लोगों को आजीविका के अन्य अवसर प्राप्त हुए हैं। जबकि 21.21 प्रतिशत लोगों ने कृषि कार्य में ही योजना का लाभ प्राप्त किया।

तालिका क्रमांक – 10

3. क्या आपके परिवार की महिलाओं को आर्थिक लाभ मिला ?

क्र.	रायपुर			धमतरी		
	उत्तर	आवृत्ति	प्रतिशत	उत्तर	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	58	64.45%	हाँ	67	74.45%
2.	नही	32	35.55%	नही	23	25.55%
	योग	90	100%	8273	90	100%

(स्त्रोत:– प्राथमिक समंक)

ग्राफ क्रमांक – 10



परीकल्पना परीक्षण

क्र.	परिकल्पना	X2	Df	P Value	परिणाम
H_1	नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के माध्यम से ग्रामीणों की आय में वृद्धि हुई है।	0.514	1	>0.05	स्वीकृत
H_2	योजना के माध्यम से प्राप्त आजीविका विविधीकरण के अवसरों में रायपुर तथा धमतरी जिलेंमें अंतर हैं।	1.87	1	>0.05	अस्वीकृत
H_3	नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं।	27.22	1	>0.05	स्वीकृत

निष्कर्ष – अध्ययन उपरांत यह निष्कर्ष सामने आता है कि नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना ने रायपुर एवं धमतरी दोनों जिलों में ग्रामीणों की आय वृद्धि, आजीविका विविधीकरण तथा महिलाओं के आर्थिक सशिक्तकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं। योजना वर्ष 2019 में प्रारंभ हुई तथा सरकार परिवर्तन के साथ वर्ष 2023 में योजना को समाप्त कर दिया गया। इस 4 वर्ष 11 माह की योजनावधि में योजना से लाखों लोग लाभन्वित हुए। योजना के क्रियान्वयन के दौरान कई चुनौतियाँ जैसे कोरोना महामारी, अल्पावधि, जागरूकता अभियान के लिए समय न मिल पाना, आदि का सामना करना पड़ा। इसके बाद भी ग्रामीण इस योजना से लाभ प्राप्त कर सके। और योजना को पुन: प्रारंभ करने के सुझाव समंक संकलन के समय ग्रामीणों द्वारा

किया गया। वर्तमान में यह योजना भले ही बंद हो चुकी हैं परंतु ग्रामीण परिवेश से योजना के चारो घटकों नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी को भिन्न नहीं किया जा सकता। योजना के पहले भी ये घटक ग्रामीणों के जीवन का अहम हिस्सा थे। योजना के दौरान इन घटकों को एकीकृत करके ग्रामीण विकास के लिए अथक प्रयास किया गया। योजना के बंद होने के बाद भी नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी को भिन्न नही किया जा सकता।

समस्याएँ :

1. योजना के क्रियान्वयन हेतु अत्यंत ही कम समय 4 वर्ष 11 माह ही मिल पाया।
2. योजना का क्रियान्वयन विभिन्न विभागों के द्वारा किया जा रहा था। विभागों के बीच समन्वय का अभाव देखा गया।
3. योजना के लिए लोगो को जागरूक कर पाने का बहुत कम समय मिल पाया बहुत से संभावित हितग्राही योजना के लाभ से वंचित रहे।

सुझाव :

1. किसी भी ग्रामीण आर्थिक विकास से संबंधित योजना पर राजनीतिक अस्थिरता का प्रभाव नही पड़ना चाहिए।
2. यदि योजना का क्रियान्वयन एवं नियंत्रण एक से अधिक विभाग कर रहा हैं तो उनके बीच समन्वय होना आवश्यक हैं।
3. चूँकि नरवा–गुरूवा–घुरूवा–बाड़ी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है इसलिए इस योजना को पुन: प्रारंभ किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक सर्वेक्षण प्रतिवेदन (2024–25), पृ.क्र. (120–144)
2. गुप्ता अरूणेश कुमार (2021), 'छत्तीसगढ़ राज्य की नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना' शोध समागम, अदिति प्रकाशन, वॉल्युम–04 पृ.क्र. (1604–1607)
3. Kothari C.R.And Garg Gaurav (2019) "Research methodology methodsAnd techniques" NewAge international Pvt. ltd. (Delhi), page no. (1-27)
4. Kumar Siddharth,A.K. Gauraha, Sharma Shashank And Bhaskar Shiv (2021)"An EconomicAnalysis of production And marketing of vermicompost in Balod District of Chhattisgarh International Journal of microbiologyApplied sciences, volume - 10, Issue-17, Page no. (532-538)
5. Mangal S.K.And Mangal Shubhra (2019), " Research methodology in Behavioral Science" PHJ learning pvt. ltd. (New Delhi), Page No. (53-70)
6. मुखर्जी रविन्द्रनाथ (2009) 'सामाजिक शोध व सांख्यिकी' विवेक प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान), पृ.क्र. (1–12)
7. Mathur Parul (2021), "Narwa, Garuwa, Ghuruwa, Bari Program Development in Chhattisgarh". Shodh Sarita Volume -08, Issue- , page no. (271- 277)
8. मुखर्जी रविन्द्रनाथ (2009) 'सामाजिक शोध व सांख्यिकी' विवेक प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान), पृ.क्र. (1–12)
9. सबंल शासन की कल्याणकारी योजनाएँ (2021) जनसंपर्क विभाग (छ.ग.), पृ.क्र. (6–7 एवं 58–65)
10. साहू, तोमेश्वरी (2025) 'छत्तीसगढ़ सुराजी गाँव योजना अंतर्गत गरूवा योजना की भूमिका का अध्ययन' अमोघवर्ता अदिति प्रकाशन रायपुर (छ.ग.), वाल्युम–04, ईशु–04, पृ.सं. (139–144)
11. www.cglive.in (18/02/2025)
12. www.ruralindustries.gov.in (19/02/2025)
13. www.nggb.cg.nic.in (19/05/2025)
14. www.uad.cg.gov.in (21/04/2025)
15. www.cgstate.gov.in (18/04/2025)
16. www.agripostal.cg.nic.in (26/03/2025)
17. www.divert.cg@nic.in (15/03/2025)
18. www.prd.cg.gov.in (29/02/2025)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में महिला सशक्तिकरण और कानून

डॉ. ज़ाकिर खान*

* प्राचार्य, सांदीपनि विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक और कानूनी अधिकारों में समानता प्रदान करना। भारत जैसे विकासशील देश में महिलाओं की स्थिति सदियों तक पिछड़ी रही है, परंतु स्वतंत्रता के पश्चात अनेक संवैधानिक प्रावधानों, कानूनी सुधारों और सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। यह शोध-पत्र भारतीय समाज में महिला सशक्तिकरण की स्थिति, उससे संबंधित कानूनी ढांचे, चुनौतियों तथा भावी संभावनाओं पर केंद्रित है।

प्रस्तावना – भारतीय समाज में महिलाएँ आदिकाल से ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। वैदिक काल में महिलाओं को उच्च स्थान प्राप्त था, परंतु मध्यकालीन भारत में उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई। वे शिक्षा, संपत्ति और स्वतंत्रता से वंचित थीं। स्वतंत्रता के बाद भारतीय संविधान ने महिलाओं को समानता का अधिकार प्रदान किया, जिससे उनके सशक्तिकरण की प्रक्रिया आरंभ हुई। महिला सशक्तिकरण का तात्पर्य केवल अधिकार प्राप्ति से नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान से भी है। यह विकास का आधार है, क्योंकि जब महिला सशक्त होती है, तब परिवार, समाज और राष्ट्र सशक्त होता है।

महिला सशक्तिकरण की परिभाषा

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है- महिलाओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर और अधिकार देना ताकि वे स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें और अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग कर सकें।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के अनुसार, महिला सशक्तिकरण वह प्रक्रिया है जिसमें महिलाएँ स्वयं अपनी नियति का निर्धारण करती हैं और समाज के समान भागीदार के रूप में उभरती हैं। भारत में महिला सशक्तिकरण का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य हैं।

वैदिक काल– इस काल में महिलाएँ विदुषी, शिक्षिका और दार्शनिक के रूप में सम्मानित थीं।

मध्यकाल – इस काल में पर्दा प्रथा, सती प्रथा, बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीतियों ने महिलाओं की स्थिति को कमजोर किया।

आधुनिक काल – राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, महात्मा गांधी जैसे समाज सुधारकों ने महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए आंदोलन चलाए।

स्वतंत्रता के बाद – संविधान में समानता के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, संपत्ति में अधिकार जैसे प्रावधानों ने महिलाओं को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।

संवैधानिक प्रावधान– भारत का संविधान महिलाओं को समान अधिकार और संरक्षण प्रदान करता है। प्रमुख प्रावधान हैं।

अनुच्छेद 14 – समानता का अधिकार।
अनुच्छेद 15(1) – लिंग के आधार पर भेदभाव का निषेध।
अनुच्छेद 16 – रोजगार में समान अवसर।
अनुच्छेद 39 – पुरुष और महिला दोनों को समान जीविका का अधिकार।
अनुच्छेद 42 – मातृत्व अवकाश और कार्य स्थितियों में सुधार का निर्देश।
अनुच्छेद 51A(e)- नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वे स्त्रियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करें।

महिलाओं से संबंधित प्रमुख कानून

दहेज निषेध अधिनियम, 1961
गृह हिंसा से संरक्षण अधिनियम, 2005
कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण) अधिनियम, 2013
बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006
महिला आरक्षण विधेयक (2023) – संसद और विधानसभाओं में 33% आरक्षण का प्रावधान।
भारतीय दंड संहिता की धारा 498A – पति या ससुराल पक्ष द्वारा क्रूरता के विरुद्ध संरक्षण।

सरकारी योजनाएँ एवं पहल

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना (2015)
महिला शक्ति केंद्र योजना
प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
स्टैंड अप इंडिया और मुद्रा योजना
सुकन्या समृद्धि योजना
महिला हेल्पलाइन (181)
वन स्टॉप सेंटर योजना
इन योजनाओं का उद्देश्य है-महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना।

महिला सशक्तिकरण की वर्तमान स्थिति

1. वर्तमान में महिलाएँ राजनीति, न्यायपालिका, प्रशासन, विज्ञान, खेल, शिक्षा आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रही हैं।
2. पंचायतों में 33% से अधिक प्रतिनिधित्व।
3. शिक्षा दर में वृद्धि (राष्ट्रीय औसत 70%)।

4. अनेक महिलाएँ सेना, पुलिस और प्रबंधन क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं।
5. फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों, अल्पसंख्यक समुदायों और असंगठित क्षेत्र की महिलाएँ आज भी अनेक समस्याओं से जूझ रही हैं।

महिला सशक्तिकरण की प्रमुख बाधाएँ:

1. लैंगिक भेदभाव
2. घरेलू हिंसा
3. दहेज प्रथा
4. बाल विवाह
5. शिक्षा और रोजगार के अवसरों की कमी
6. सामाजिक रूढ़िवादिता और पितृसत्तात्मक मानसिकता
7. कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की कमी
8. इन बाधाओं के कारण महिलाएँ पूर्ण रूप से सशक्त नहीं हो पातीं।

न्यायिक दृष्टिकोण – भारतीय न्यायपालिका ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा में कई ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं:

1. विशाखा बनाम राजस्थान राज्य (1997) – कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के विरुद्ध दिशा-निर्देश।
2. लिली थॉमस बनाम भारत संघ (2000) – विवाह और पुनर्विवाह से संबंधित अधिकार।
3. शायरा बानो बनाम भारत संघ (2017) – तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित किया गया।
4. इन निर्णयों ने महिला अधिकारों को सशक्त कानूनी आधार प्रदान किया है।

महिला सशक्तिकरण का सामाजिक प्रभाव – महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक भागीदारी से परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधारी है। महिलाएँ अब निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इससे समाज में संतुलन, समानता और न्याय की भावना को बल मिला है।

भावी संभावनाएँ :

1. भारत में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभी भी बहुत कार्य शेष है।
2. शिक्षा और कौशल विकास पर अधिक ध्यान देना होगा।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक जागरूकता बढ़ानी होगी।
4. डिजिटल और वित्तीय साक्षरता के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना होगा।
5. कानूनों के सख्त अनुपालन और न्यायिक पहुँच में सुधार आवश्यक है।

निष्कर्ष – महिला सशक्तिकरण किसी समाज की प्रगति का दर्पण है। भारत ने इस दिशा में लंबी यात्रा तय की है, किंतु अभी मंज़िल दूर है। जब तक महिलाएँ जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समान भागीदारी नहीं करेंगी, तब तक सच्चे अर्थों में लोकतंत्र और विकास संभव नहीं। सरकार, समाज और परिवारकृ तीनों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाओं को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान मिले। महिला सशक्तिकरण केवल नारी की नहीं, पूरे राष्ट्र की उन्नति का मार्ग है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतीय संविधान, 1950
2. दहेज निषेध अधिनियम, 1961
3. घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, 2005
4. राष्ट्रीय महिला आयोग रिपोर्ट, 2023

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LI (51), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Conceptual Framework for Linking HRM Practices with Employee Wellbeing in Telecom Environments

Vikas Kumar Tiwari* **Dr. Smita Sukhwal****

***Research Scholar, Vikram University, Ujjain (M.P.) INDIA**
****Asst. Professor, Government Kalidas Girls College, Ujjain (M.P.) INDIA**

Abstract: The telecommunications sector is undergoing rapid technological transformation, accompanied by intense performance demands, role ambiguity, and elevated stress levels among employees. These pressures have escalated challenges related to employee wellbeing, making it imperative for telecom organizations to adopt people-centric Human Resource Management (HRM) strategies. Despite the established role of HRM in enhancing organizational performance, its specific impact on employee wellbeing in high-pressure sectors like telecom has received limited theoretical attention. This study addresses that gap by proposing a conceptual framework linking key HRM practices—training and development, performance appraisal, rewards and recognition, employee participation, and work-life balance—with employee wellbeing outcomes, including job satisfaction, psychological health, and organizational commitment. Grounded in Social Exchange Theory, the Job Demands–Resources Model, and Self-Determination Theory, the framework posits that HRM practices influence employee wellbeing indirectly through mediators such as job satisfaction and employee engagement, and are further moderated by contextual factors like organizational culture and leadership style. This conceptual model aims to steer future empirical research and offers actionable insights for HR professionals seeking to retain talent, reduce burnout, and foster sustainable workforce engagement in telecom environments.

Keywords: Human Resource Management, Employee Wellbeing, Telecom Sector, Job Satisfaction, JD-R Model, Social Exchange Theory, Self-Determination Theory.

Introduction - Human Resource Management (HRM) has evolved into a strategic pillar in modern organizations, shaping not only performance outcomes but also the overall wellbeing of employees. As businesses increasingly operate in fast-paced, technology-driven environments, the importance of HRM practices that support workforce resilience, engagement, and satisfaction has gained unprecedented relevance. In high-pressure industries, HRM must go beyond administrative functions and become a proactive force in fostering a sustainable and healthy work culture.

Telecommunications sector is an essential catalyst for digital transformation, economic advancement, and global connectivity. Mobile-cellular subscription users covered more than 8.6 billion in 2023 globally according to the International Telecommunications Union (ITU), with the sector contributing significantly to GDP and employment in emerging economies.(ITU, 2023) In India alone, the telecom industry is expected to generate over 2.5 million direct and indirect jobs by 2025.(IBEF, 2023) Despite its economic importance and growth potential, the sector faces critical challenges related to employee wellbeing and human capital management.

Those working in Telecom companies are faced with high pressure working environments which includes rapid technology shifts, aggressive deadlines, long work hours and the requirement to ensure that services are up & running every minute of every day. These job demands are known to be associated with high levels of stress, reduced job satisfaction and high withdrawal rates. According specific empirical studies, the telecom sector continues to suffer high.(Deloitte, 2022) Poor work life balance, unappreciated, and very limited career growth opportunities are the three main reasons why employees in this sector are unhappy with their job, leading to high attrition.

Given such circumstances, Human Resource Management The practice of HRM trains the employees to take a chance to oversee' system that has become very strategic not only for getting the performance right but to provide ways for employees to enrich their lives. HRM practices like continuous training and development, performance appraisal, rewards and recognition, employees participation, and work-life balance initiative are well-known for setting up a climate of support in the organization.(Jawaad et al., 2019) Evidence suggests that these practices can act as buffers against stress and

burnout, ultimately contributing to better mental health, job satisfaction, and organizational commitment.(Kalyanamitra et al., 2020; Nelson & Fitriana, 2024)

While the role of HRM in enhancing performance has been widely studied, its relationship with employee wellbeing—particularly in high-demand sectors like telecommunications—has received limited theoretical attention. There is acknowledgement of a need for more conceptual work to tie strategic HRM practices to wellbeing outcomes with models that are properly grounded in psychology and organisational behaviour. This paper seeks to redress this by offering a model of the way key HRM practices interact with certain objectives underpinning staff wellbeing in telecoms arena.

Aimed at steering future empirical studies and providing practical guidance for HR professionals who aim in retaining talent, lowering burnout and establishing a healthier more engaged workforce in a telecommunication organization.

Given disturbing trends in the workforce, there is a strong argument for concentrating on employee well-being in telecommunications. A 2023 Aon report warned that more than 80% of Asia-Pacific telecom employees were experiencing moderate to high stress levels. This was driven by increased customer expectations, continuous technological upgrade.(Aon, 2023) Gallup's 2022 State of the Global Workplace Report found that only 21% of employees worldwide are engaged at work, and disengagement costs the global economy an estimated $7.8 trillion annually.(Gallup, 2022) These issues are magnified in telecom companies where high attrition rates and low job satisfaction have become structural problems.

The telecom firms are investing big in digital aids and the automation of services but largely missing out on the touch of humanness that would sustain innovativeness as well as client satisfaction. And even when companies adopt specific HR measures like Work From Home or Wellness programs, there is hardly a strategic approach towards employee well-being that will draw positive results and instead, it leads to fragmented as well as ineffective outcomes. This lacuna proffers a case for a unified model connecting HRM practices such as training, recognition and participative decision making with outcomes like Psychological well-being, Organizational commitment and finally satisfaction of the employees.

Recent meta-analyses have shown that HRM systems designed with wellbeing in mind significantly improve employee engagement and reduce turnover intentions.(van de Voorde et al., 2012) These studies often adopt a generic cross-sectoral lens. There is limited sector-specific insight into how HRM can be optimized for wellbeing in telecom environments—where job demands are unique, and stressors are often systemic.

This paper aims to develop a conceptual framework linking HRM practices to employee wellbeing in the telecommunications sector. Drawing on Social Exchange Theory, the Job Demands–Resources (JD-R) Model, and Self-Determination Theory, the framework identifies key HRM drivers, mediators (e.g., job satisfaction, engagement), and contextual moderators (e.g., organizational culture, leadership style) that shape wellbeing outcomes. The model is intended to guide future empirical research and inform HR professionals seeking to foster a healthier, more engaged, and resilient workforce in telecom organizations.

Literature Review

Employee wellbeing in this study is conceptualized as a multi-dimensional construct encompassing:

1. Psychological wellbeing (mental health, emotional resilience)
2. Job satisfaction (perception of role fulfillment and fairness)
3. Work-life balance (ability to manage personal and professional demands)
4. Organizational commitment (attachment and loyalty to the organization)

Human Resource Management (HRM) plays a pivotal role in shaping workforce performance and wellbeing, especially in high-pressure environments like the telecommunications sector. In Laos, Southiseng and Walsh (2025) found that HRM was underutilized and lacked strategic direction. Their study, involving responses from 396 employees and 73 managers, showed that proper implementation of HRM practices significantly improved employee satisfaction, perceptual development, and performance. However, telecom companies in Laos struggled with weak compensation systems, limited training, and inadequate managerial support—reflecting a broader regional issue of underdeveloped HR structures in emerging economies.(Southiseng & Walsh, 2017)

Kooij et al. (2013) provided a life-span perspective on the influence of HRM practices on employee wellbeing and performance across different age groups. The authors categorized HR practices into development, maintenance, and job enrichment bundles. They concluded that development practices (e.g., training) were more effective for younger workers, while maintenance practices (e.g., performance appraisal) and job enrichment were more critical for older employees. This study highlighted the importance of age-sensitive HRM strategies and how such tailoring can strengthen the link between HRM and employee wellbeing outcomes such as job satisfaction, commitment, and fairness perceptions.(Kooij et al., 2013) Bhoir and Sinha (2024), through a systematic literature review of 16 peer-reviewed articles using the PRISMA 2020 framework, identified that despite growing attention, HRM practices dedicated exclusively to employee wellbeing (EWBHRPs) are under-researched. The authors proposed a consolidated conceptual framework combining various HRM interventions that directly target wellbeing. They emphasized training, flexible work schedules, emotional

wellness programs, and participatory leadership as key drivers of wellbeing. Their findings support the need for an integrated approach to designing HRM systems that prioritize employee mental health and engagement post-COVID-19.(Bhoir & Sinha, 2024)

Yadav et al. (2022) conducted a broad systematic review focusing on mediating and moderating variables in employee relations (ER) and sustainable organizations. The study found that organizational trust, justice, perceived job satisfaction, leadership behavior, and psychological empowerment significantly influence the HRM–wellbeing linkage. These variables either mediate or moderate employee perceptions of HR effectiveness. Importantly, their framework supports the inclusion of contextual elements—such as organizational culture and leadership style—as critical boundary conditions in HRM-wellbeing models, particularly in dynamic and stress-prone sectors like telecom.(Yadav et al., 2022)

